www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–118 । सागर, सोमवार 16 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

अवैध होटल सहित 3 प्रतिष्ठान सील, नो डेवलपमेंट जोन में भी कार्रवाई — पृष्ठ 2
- इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!
- 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली — पृष्ठ 4
- मकानों को किया जमींदोज, 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कराया मुक्त — पृष्ठ 6
पिकनिक मनाने गये युवक की नदी में डूबने से मौत — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### तेलंगाना में जल्द होंगे स्थानीय निकाय चुनाव : रेड्डी

**खम्मम/तेलंगाना, एजेंसी।** तेलंगाना के राजस्व, आवास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मैदान तैयार है। रेड्डी ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद है। कार्यक्रम पर कैबिनेट का फैसला 16 जून को लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले मंडल परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (एमपीटीसी) और जिला परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र (जेडपीटीसी) चुनाव होंगे, उसके बाद सरपंच और नगरपालिका चुनाव होंगे। खम्मम जिले के कुसुमांची विधायक शिविर कार्यालय में पार्टी नेताओं से बात करते हुए रेड्डी ने स्थानीय नेताओं के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनसे सार्वजनिक मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन आरक्षण और उनकी जीत की संभावनाओं के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पलेरू निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के एक हिस्से के रूप में एरुवाका समारोह में भाग लिया और किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा सरकार की योजना के तहत सभी पात्र किसानों को 16 जून से प्रति एकड़ 12,000 रुपए का रयथु भरोसा मिलेगा, जो पहले 10,000 रुपए था।

### डोडा से आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारुढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है। उन्होंने विश्वास, जनता के कल्याण और समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मलिक को इस साल मार्च में जम्मू-कश्मीर के लिए आप का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट, 10 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है।

### बिजली गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोग मारे गए हैं। जिले के बारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में देर रात आकाशीय बिजली गिरी। परिवार के चार सदस्य इसकी चपेट में आए और मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। बारा की सहायक पुलिस आयुक्त कुंजलता ने बताया कि प्रयागराज के बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनबरसा गांव में रात करीब एक बजे एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे, जिनमें पति-पत्नी के अलावा दो बच्चियां शामिल हैं। शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कटरा शराब मामले में पुलिस के सामने पेश नहीं हुए आरोपी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा स्थित एक होटल में शराब पीने का मामले में फैशन ऑइकान एवं बॉलीवुड हस्ती ओरहान अवतरमणि (ओरी) लगभग तीन महीने बाद भी कटरा पुलिस के सामने पेश नहीं हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 मार्च को कटरा के एक होटल में शराब पीने के लिए ओरी और उसके दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब तक प्राथमिकी में नामित व्यक्तियों, जिसमें ओरी भी शामिल हैं, को दो नोटिस जारी किए गए हैं। उनमें से कुछ व्यक्तिगत रूप से पुलिस के सामने पेश हुए लेकिन ओरी अभी तक पेश नहीं हुए हैं।

केदारनाथ के पास गौरीकुंड में हुआ हादसा

# उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, 7 की मौत



- श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से उड़ान भरी थी
- हादसे के बाद चार धाम हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी, पैदल यात्रा भी स्थगित

**रूद्रप्रयाग/देहरादून, देशबन्धु।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है।

हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा। इधर, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। हेलीकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे। हादसे में जान गंवाने वालों में- पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान), विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड), विनोद देवी (उत्तर प्रदेश), तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात), श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र), काशी (महाराष्ट्र) शामिल हैं। जंगलचट्टी के पास गधेरे में मलबा पत्थर गिरने से केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग टूट गया है। इसके बाद प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक का मार्ग अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इससे केदारनाथ पैदल यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे जहां हो उसके पास सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

# इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा, 6 की जान गई



### 25 से 30 लोग बहे, कई को बचाया

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार को ढह जाने से 6 लोगों की मौत हो गई। पुल ढहने से 25 से 30 लोग बह गए थे, इनमें से अधिकांश को बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी. इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च भी वहन करेगी. पुलिस ने बताया कि मावल तहसील के कुंदामाला इलाके के पास हुई इस घटना के बाद अब तक तीन लोगों को बचा लिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पुणे में हुए हादसे को लेकर बात की. इस पर मुख्यमंत्री ने उनको प्रभावित लोगों को सहायता के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रही हैं। पर्यटकों की भारी भीड़ के बीच पुल ढह गया

ढहा हुआ पुल संत तुकाराम से जुड़े पवित्र तीर्थ नगर देहू में स्थित है. इसका इस्तेमाल पैदल यात्री इंद्रायणी नदी पार करने के लिए करते थे. रविवार को इलाके में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई, इसलिए घटना के समय कई पर्यटक पुल पर या उसके आस-पास मौजूद थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुल अचानक ढह गया, इससे पुल पर मौजूद लोगों को बचने का मौका ही नहीं मिला. वहीं नदी की तेज धारा ने पुल से गिरे लोगों को तेजी से बहा दिया. स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग की टीमें और गोताखोर घटनास्थल पर मौजूद हैं और लापता लोगों का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें तैनात की गई हैं और वे बचाव अभियान में सक्रिय रूप से मदद कर रही हैं। अधिकारियों ने लोगों से नदी के किनारों से दूर रहने और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है, खासकर मानसून के मौसम के दौरान. जिला अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि साइट पर सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है. गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स में पोस्ट कर कहा, पुणे के तालेगांव में इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने की दुखद घटना से बहुत दुखी हूं. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात की और जमीनी हालात के बारे में जानकारी ली।

### गोदावरी नदी में डूबे एक ही परिवार के 5 युवक, मौत

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के निर्मल जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां गोदावरी नदी में नहाने गए पांच युवक डूब गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मंदिर नगर बसर में हुई, जब पांचों युवक गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए गए थे। जानकारी के अनुसार, मृतक एक ही परिवार के थे और हैदराबाद के चिंतल में रहते थे। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले इस परिवार के कुल 18 सदस्य सरस्वती मंदिर में दर्शन और गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए बसर गए थे। मंदिर में दर्शन से पहले वे अनुष्ठान के लिए नदी में गए थे। इसी दौरान युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवकों को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था।

एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति निकोस ने किया स्वागत

# साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

### साइप्रस ने की थी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा पर हैं। रविवार को साइप्रस से उन्होंने अपने विदेश दौरे की शुरुआत की। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भव्य स्वागत के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में। दरअसल, यह दो दशक से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली साइप्रस यात्रा है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पीएम मोदी की पहली विदेश यात्रा है। साइप्रस ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी और संकेत दिया था कि वह यूरोपीय संघ स्तर की चर्चाओं में पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे को उठाएगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के जुड़ाव को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी। प्रधानमंत्री 15 से 19 जून तक साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। 15-16 जून को साइप्रस दौरे के बाद पीएम 16 से 17 जून को कनानसकीस में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा जाएंगे। पीएम मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा के साथ पांच दिवसीय यात्रा का समापन करेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनानसकीस जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के एक दिन बाद 16 जून को कनाडा पहुंचने की उम्मीद है। यह जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की लगातार छठी भागीदारी होगी।

### आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

जबलपुर जिले के बेलखेड़ा में राज्य स्तरीय सम्मेलन आज

# लाडली बहनों के खाते में मुख्यमंत्री भेजेंगे राशि

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी करेंगे अंतरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 1करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की राशि तथा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही लगभग 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। इनमें 15 करोड़ 09 लाख रुपये की लागत के पाँच निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 7 करोड़ 43 लाख रुपये के तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

सम्मेलन में जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा उनमें बरगी विधानसभा क्षेत्र के घाट पिपरिया में 4 करोड़ 18 लाख 08 हजार रुपये से निर्मित आदिवासी कन्या छात्रावास भवन, शहपुरा आईटीआई में 2 करोड़ 89 लाख 44 हजार रुपये से नवनिर्मित भवन, बेलखेड़ा में 4 करोड़ 47 लाख 93 हजार रुपये से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया कला में 2 करोड़ 95 लाख 45 हजार रुपये से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में 50 लाख रुपये से बना भवन शामिल है।

अहमदाबाद विमान हादसा

# विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई



- राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार
- अब तक 31 शवों की शिनाख्त की गई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230 परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया। विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी। विजय रूपाणी के आवास पर मौजूद विधायक रीटा पटेल ने कहा, विजय रूपाणी के परिजन तीन दिन से इंतजार कर रहे थे। रीटा पटेल ने बताया कि विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर को राजकोट ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। राज्यभर के कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने आएंगे।

### 22 शव परिजन को सौंपे गए

इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 22 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

# ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ सभी प्रांतों में प्रदर्शन

### सभी प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गई




**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों के खिलाफ अमेरिका के सभी 50 प्रांतों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रामीण समुदायों में छोटे समूहों के एकत्र होने से लेकर न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया और शिकागो जैसे प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गईं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप के लॉस एंजिल्स में सेना तैनात करने के फैसले के विरोध में पहले से ही बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इसी बीच उनकी आव्रजन संबंधी नीतियों को लेकर शनिवार को पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन हुए। अमेरिकी सेना का शनिवार को 250वां वर्षगांठ था। इस अवसर पर वाशिंगटन में ट्रंप ने एक सैन्य परेड आयोजित किया था। ट्रंप ने शनिवार को अपना 79वां जन्मदिन मनाया।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई समूहों के द्वारा 'नो किंग्स' के नारे लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया गया। ये उन्हीं समूहों का गठबंधन है, जिन्होंने 5 अप्रैल को 'हैंड्स ऑफ' बैनर के तले ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था। गठबंधन ने शनिवार को ट्रंप और उनके सहयोगियों द्वारा 'सत्तावादी अतिक्रमण' के विरोध में हुए प्रदर्शन को 'अवज्ञा का दिन' के रूप में भी प्रचारित किया। इस कार्यक्रम की योजना लॉस एंजिल्स और अन्य शहरों में संघीय आव्रजन छापों के विरोध-प्रदर्शनों से पहले से ही चल रही थी।

वाशिंगटन में शनिवार को सैन्य परेड का आयोजन था। इसलिए वहां विरोध-प्रदर्शन नहीं किया गया। ट्रंप ने एक बयान में कहा था कि वाशिंगटन में विरोध-प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। अटलांटा में प्रदर्शनकारी लिबर्टी प्लाजा में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संदेश वाले पोस्टर लेकर एकत्रित हुए थे। भीड़ ने क्लासिक धुन 'टेक मी आउट टू द बॉल गेम' का विरोध संस्करण 'टेक ट्रंप आउट ऑफ द व्हाइट हाउस' के रूप में गाया। नैशविल में टेनेसी स्टेट कैपिटॉल के पास 1,000 से अधिक लोग एकत्र हुए। इन लोगों ने निष्ठा की प्रतिज्ञा ली, जो देशभक्तिपूर्ण कविता है और अमेरिका तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति निष्ठा का वादा करती है।

### पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं की गई

पुलिस के अनुमान के मुताबिक, न्यूयॉर्क शहर में लगभग 50 हजार लोग सड़कों पर उतरकर नारे लगा रहे थे, हमें क्या चाहिए? कोई आईसीई नहीं, हमें कब चाहिए? अभी। भीड़ ने जो बैनर लहराए, उस पर लिखा था, 'कोई निर्वासन नहीं', 'ट्रंप को जाना चाहिए', 'कोई न्याय नहीं, कोई शांति नहीं'।

# अवैध होटल सहित 3 प्रतिष्ठान सील, नो डेवलपमेंट जोन में भी कार्रवाई

## 3 घंटे में डेढ़ किमी अतिक्रमण हटाया, जर्जर मकान गिराया





**बीना, देशबन्धु।** प्रशासन ने रविवार को एक अवैध होटल सहित तीन प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। एसडीएम विजय डेहरिया के नेतृत्व में सर्वोदय चौराहा, स्टेशन रोड और रिफाइनरी क्षेत्र में कार्यवाही की गई। शिमला स्वीट्स में गंदगी और सड़क पर 5 फीट का अतिक्रमण मिला, राजहंस होटल ने 8 फीट तक अतिक्रमण कर रखा था, दोनों जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग भी पाया गया। छोटू चाय वाले के यहां एक्सपाइरी कोल्ड ड्रिंक और गंदगी मिली। तीनों प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया।

नटराज होटल 1500 वर्गफीट क्षेत्र में रेसिडेंशियल डायवर्शन पर व्यावसायिक गतिविधियां कर रहा था। एसडीएम ने नगर पालिका को कमर्शियल डायवर्शन शुल्क वसूलने के निर्देश दिये। स्टेशन रोड पर वीर ट्रेडर्स, जॉकी, सैमसंग और मोदी प्लाजा समेत कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इन्हें दो दिन में डायवर्शन शुल्क जमा करने को कहा गया है। इटावा में एक जर्जर मकान गिराया गया। गांधी तिराहा और खुरई रोड से टीन शेड हटाये गये। रिफाइनरी क्षेत्र के नो डेवलपमेंट जोन में अस्थाई निर्माण पर भी रोक लगाई गई। तीन घंटे में करीब डेढ़ किलोमीटर का अतिक्रमण हटाया गया।

# सेंटमैरी कॉन्वेंट स्कूल में 6 दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**देवरीकलां, देशबन्धु।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल देवरी में आयोजित हुये छः दिवसीय समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने प्रयास का किया गया। इसके तहत पहले दिन योगा, दूसरे दिन खेलकूद और एनसीसी, तीसरे दिन हैंडीक्राफ्ट, चौथे दिन डांस, पांचवें दिन फायरलैस कुकिंग के साथ-साथ पूल पार्टी जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर बेनिता सी.जे. व विद्यालय की प्रधानाचार्य सॅरोन सी.जे द्वारा रिबन काटकर किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापक व अध्यापिका और विद्यार्थी सम्मिलित रहे। पहले दिन की शुरुआत योगा कैंप से की गई, दूसरे दिन विद्यार्थियों को खेलकूद व एनसीसी के बारे में सिखाया गया, तीसरे दिन हैंडीक्राफ्ट कैंप का आयोजन गया जिसमें विद्यार्थियों ने पेपर बैग व घर में सजावट के लिये इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को बनाना सीखा और जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का बखूबी प्रदर्शन किया, चौथे दिन नृत्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्याथियो सांस्कृति नृत्य के साथ अन्य कई नृत्यो को भी सीखा, पाचवें दिन फायरलैस कुकिंग कैम्प के दिन विद्यार्थियों ने कई प्रकार के स्वादिष्ट भोजनों को बनाना सीखा। छठे दिन पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्याथियों बढ़-चढ़कर के भाग लिया। समर कैंप के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान किया गया साथ ही साथ इन गतिविधियों से बच्चों का स्कूल में मन भी लगता है और वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य कायों को सिखते हैं। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा बच्चों को यह समझते हुये किया गया की छः दिवसीय समर कैंप में जिन चीजों को भी सीखा है, वह सीखी हुई सभी चीजों का बखूबी अपने जीवन में प्रयोग करें ताकि उनका भविष्य सुंदर हो।

# पार्षद ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनाई



**बांदरी, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह आव्हान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर की अध्यक्षता में बांदरी के वार्ड 13 में पार्षद सुरेंद्र सिंह के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की उपलब्धियों व देश में हुये विकास के बारे में आम लोगों से संवाद किया। मोहल्ला व पंचायत चौपाल का आयोजन भाजपा के आव्हान पर 15 जून से प्रारंभ गया है। इसी के तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद बांदरी में वार्ड 13 में चौपाल का कार्यक्रम अंतर्गत मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई एवं भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में वार्ड वासियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेंद्र जैन, कुलदीप राय, धर्मेंद्र लोधी, अवधेश ठाकुर सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

# वृद्धजन समस्या निराकरण शिविर हुआ आयोजन

## सीएमओ ने सुनी समस्याएं, शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन



**बण्डा, देशबन्धु।** नगर परिषद सभागार में वृद्धजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदमकुमार जैन ने उपस्थित वृद्धजनों की समस्यायें गंभीरता से सुनी और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सीएमओ जैन ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी ई.केवाईसी अनिवार्य रूप से करवायें, जो पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई व्यक्ति इसके बदले में राशि की मांग करता है, तो उसकी शिकायत तुरंत नगर परिषद में करें। ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि जो पात्र हितग्राही अब तक वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना या आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, वे संबंधित योजनाओं के लिये तत्काल आवेदन करें और शासन की सुविधाओं का लाभ उठायें। शिविर की शुरुआत में अहमदाबाद विमान हादसे में मृत 275 यात्रियों की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें नगर को स्वच्छ रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने, दूसरों को प्रेरित करने एवं घरों में नलों पर टोटी लगाने जैसे संकल्प लिये गये। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप सिंह ठाकुर ने उपस्थित जन को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर में संजीवनी क्लीनिक अस्पताल प्रारंभ हो गई है, जहां निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार ममता मिश्रा, डॉ. निकिता चौधरी, कमल सिंह लोधी मलेरिया विभाग, अनिल चौरसिया, ममता गुप्ता, रुचि रैकवार, रुपेश विश्वकर्मा समस्त वार्ड प्रभारी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

# जर्जर क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना दें जिलेवासी: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के द्वारा निर्देश दिये गये थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्यवाही करें और जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिये कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। कलेक्टर ने समस्त जिले वासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को घराने की कार्यवही की जा सके और सभी को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जायेगा। बारिश का मौसम नजदीक है बारिश में जलभराव, बाढ़, विद्युत आपूर्ति, जल सप्लाई, जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण भवनों, सफाई एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं एवं सहायता हेतु एक विशेष सहायता हेल्पलाइन नंबर जारी किया जा रहा है, जिससे कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में हम संबंधित स्थल पर तत्काल सहायता उपलब्ध करा सकें।

# विधायक प्रतिनिधि ने मलेरिया जागरूकता रथ को रवाना किया



**बांदरी, देशबन्धु।** बांदरी स्थित स्वास्थ केंद्र में मलेरिया जागरूकता रथ को डॉक्टर के साथ विधायक प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जून माह में विभिन्न क्षेत्रों में जायेगा और लोगों को मलेरिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा और यह रथ मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम, उपचार के लिये लोगों को जागरूक करेगा। हर साल जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। मानसून के आरंभ से पहले यह समय मच्छरों के प्रजनन स्थलों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। इसलिये यह अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग पहले ही मच्छर जनित बीमारियों से सतर्क हो जायें और रोकथाम के उपाय कर लें। वही स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास के वातावरण को साफ रखें, मच्छरों को पनपने से रोके और मलेरिया से बचाव के लिये सभी आवश्यक सावधानियां बरतें इस मौके पर समस्त डॉक्टर स्टाफ सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्व. चौबे जैसे मनीषी का सहयोग समाज के लिये सदा अपेक्षित रहता है: विमला तिवारी

**सागर, देशबन्धु।** स्व. दादा मणीकांत चौबे बेलिहाज बु.हि.सा.सं.वि. मंच सागर के संस्थापक जिनका साहित्य के क्षेत्र में अपना एक विशिष्ट स्थान है उनको कोटिशः नमन। उनके द्वारा रोपे गये बीज का एक विशाल दरख्त चहुं ओर लहरा रहा है, जिनकी विशाल टहनियां बेटी चित्रा और बेटा अमित के रूप में सभी कवि हृदयों को जोड़े हुये हैं। स्व. चौबे जैसे मनीषी का सहयोग समाज के लिये सदा अपेक्षित रहता है जैसे कि महापुरुष स्वामी विवेकानंद ने जो उनके सद् विचार है उठो, जागो और उन्नति के कार्य करो, स्व. चौबे इन्हीं विचारों के संवाहक थे। यह विचार दमोह से विमला तिवारी ने रखे। वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1587 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 265 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं थी। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से युवा कवि प्रभात कटारे ने भक्तिभाव से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में संस्था के सह संयोजक टीकमगढ़ से वीरेन्द्र त्रिपाठी ने समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुये अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत व्यक्तियों की आत्माओं की शांति एवं उनके परिवार को इस शोकमय वातावरण में साहस प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में काव्यपाठ हेतु बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी सरस, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन लाल, चित्रकूट से आचार्य रामलाल द्विवेदी प्राणेश, पृथ्वीपुर से राजेश अहिरवार सुमन एवं संध्या साहू, खजुराहो से परमलाल तिवारी, दमोह से डॉ. पुष्पा चिले, सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, पूरन सिंह राजपूत, अनिल जैन विनर, अबरार अहमद अबरार ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में एलएन चौरसिया, एड. केके सिलाकारी, पं. शुकदेव तिवारी, नईम माहिर, कृष्णकांत बख्शी, डॉ. सरोज गुप्ता, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र श्यामलम आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

# 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई.केवायसी पूर्ण: गोविंद सिंह राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि मप्र में अति शीघ्र स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जानी है। इसके लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई.केवायसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना है। फरवरी 2025 से ई.केवायसी के लिये चलाये जा रहे अभियान में 1 करोड़ 11 लाख हितग्राहियों की ई.केवाईसी करायी गयी है। साथ ही प्रदेश के कुल 5.32 करोड़ हितग्राहियों में से 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई.केवाईसी पूर्ण हो गयी है। यह मप्र के कुल हितग्राहियों का 89 फीसदी है। मंत्री राजपूत ने बताया है कि मप्र में ई.केवायसी से शेष 54.8 लाख पात्र हितग्राहियों का भी ई.केवाईसी जून माह में किया जाना है। इन हितग्राहियों की ई.केवायसी जून माह में पूर्ण कराने के लिये पूरे प्रदेश में ग्राम एवं वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर ई.केवायसी करने के निर्देश समस्त कलेक्टर्स को जारी किये गये हैं। अभियान के विषय में अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी द्वारा प्रदेश के सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स को अभियान को प्राथमिकता में लेकर ई.केवायसी के लिये सभी आवश्यक प्रयास करने के लिये निर्देशित किया है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये मोबाईल फोन पर ई.केवायसी की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। इसके लिये मप्र के हितग्राहियों के लिये मेरा ई.केवायसी एप प्रदेश में लांच किया गया है। इस एप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग, छोटे बच्चे आदि कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राईड मोबाईल फोन से अपना व अपने परिवारजनों का आधार नंबर व ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई.केवायसी कर सकते हैं। श्री राजपूत ने प्रदेश के सभी राशन लेने वाले हितग्राही, जिन्होंने अभी तक ई.केवायसी नहीं करवाई है, मोबाईल फोन अथवा पीओएस मशीन से अतिशीघ्र अपनी व अपने परिवारजनों की शत प्रतिशत ई.केवायसी पूर्ण करायें। इससे आप सभी को राशन प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# पंच कुंडीय यज्ञ संपन्न, 140 लोगों ने हवन में लिया लाभ

**सागर, देशबन्धु।** तहसील स्थित न्यू कॉलोनी रोड पर बारिया तिगढ्ढा पर स्थित सामुदायिक केंद्र में रविवार को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया। जिसमें कलश यात्रा निकाली गई जो तहसील के विभिन्न गलियों से होती हुई यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई। मुख्य यजमान एचडी दुबे और उमाशंकर, विनोद थे। कार्यक्रम की शुरुआत गाय व महिला सशक्तिकरण और विश्व में हों रही उत्तल पुथल के लिये विश्व शांति कल्याण के लिये यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में विश्व शांति कल्याण के लिये विशेष प्रकार की आहुतियां मंत्र द्वारा समर्पित की गई। एक तुम ही आधार सद्गुरु के प्रज्ञा गीत के साथ रेखा गुप्ता, विद्या देवी नामदेव और पूर्व पाठक द्वारा कराया गया। मुख्य वक्ता रेखा गुप्ता ने बताया कि मां गायत्री बुद्धि की देवी है प्रज्ञा सूची मेघा की देवी है हमेशा बुद्धि प्रकट करने वाले मंत्र का नाम गायत्री मंत्र है, देवों का भी मंत्र है आयुर्वेद मंत्र भी कहलाता है सभी को निरंतर करना चाहिये। बुद्धि श्रेष्ठ होती है मन वैसे तो शांत रहता है तथा आत्म पुरस्कार के लिये यह मंत्र विजय रोपण का कार्य करता है तथा मन को चित्र से शांति की ओर ले जाता है। कार्यक्रम में महिला मंडल तहसील द्वारा आयोजित किया गया था तथा यज्ञ का संचालन भी महिला मंडल द्वारा नारी सशक्तिकरण के रूप में नई टोली द्वारा ही यज्ञ कार्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में दो दांपत्य जीवन जीने वाले व्यक्तियों के विवाह दिवस संस्कार भी मनाये गये। कार्यक्रम में श्रीदेवी तिवारी, प्रतिभा तिवारी, जानकी राठौर, प्रभा ठाकुर, माया सेन, बबीता गर्ग, सुनीता बोहेरे, चंदा सेन, रेखा पाठक, सरोज मिश्रा, हेमलता प्रजापति, रेखा तिवारी आदि शामिल रही।

# उधार सामान नहीं देने पर किराना दुकान में पेट्रोल डालकर लगाई आग



**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.17 में शुक्रवार देर रात एक किराना दुकान में तीन बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने मकरोनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दुकानदार सुरेश कुमार अहिरवार ने बताया कि मुक्तिधाम के सामने स्थित उनकी किराना दुकान पर रात के समय उनका बेटा बैठा था।

इसी दौरान कुछ युवक दुकान पर आये और उधार सामान मांगने लगे। बेटे के मना करने पर वे धमकी देकर चले गये। दुकान बंद करने के बाद देर रात वे युवक फिर आये और दुकान की शटर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आरोपियों ने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और फरार हो गये। धुएं की वजह से जब परिवार जागा, तो शोर मचाकर आस-पड़ोस के लोगों को बुलाया गया। पड़ोसियों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर परिवार को बाहर निकाला और आग बुझाई। आगजनी में दुकान में रखा सामान जल गया। शनिवार देर रात सामने आये सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 12 बजे तीन युवक दुकान के पास आते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद दुकान में अचानक आग की लपटें उठती दिखी और बदमाश भागते हुये नजर आये। दुकानदार ने शिकायत में तीन युवकों के नाम बताये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल का मुआयना किया है और जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टैण्ड पर वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न

## अग्निशमन प्रशिक्षण एवं चालक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि 15 जून को डॉ. हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टेण्ड परिसर में प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे तक नेत्र परीक्षण शिविर, अग्निशमन प्रशिक्षण एवं चालक सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर डॉक्टर्स नेत्र विशेषज्ञ एवं आवश्यक उपकरण सहित निर्धारित समय पर उपस्थित हुये एवं कुल 136 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 68 मरीजों को निकट दोष पाये जाने पर उन्हें चश्मा लगाने हेतु कहा गया, 2 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाये जाने पर उन्हें इंदिरा नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया। इसी दौरान एसबीएन कालेज से उपस्थित एके सिंह प्रशिक्षक द्वारा अग्निशमन यंत्र चलाने का चालक, परिचालकों को विस्तार से बताया। श्री सिंह द्वारा सुरक्षित स्थान पर उदाहरण के रूप में पेट्रोल से आग लगाई गई, तत्काल अग्निशमन यंत्र को विधि अनुसार प्रयोग करते हुये आग बुझाई गई तथा 4 ड्रायवरों से भी आग बुझाने की प्रक्रिया करवाकर प्रशिक्षित किया गया तथा आपातकालीन परिस्थिति में फस्ट एड बॉक्स के बारे में विस्तार से समझाया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी चालकों का पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया तथा चालकों से कहा की यात्री वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी चालक की रहती है, इस हेतु आप वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करे, ओव्हरलोड वाहन का संचालन न करे, असुरक्षित तरीके से वाहन ओव्हरटेक न करे, वर्षाकाल के दौरान पुल, पुलियो, रिपटो पर जल भराव के दौरान वाहनों को न निकाले एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपायों का पालन करते हुये अपने-अपने वाहनों का संचालन करे। चर्चा के दौरान चालकों द्वारा बताया गया कि समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन होता रहे, जिससे चालक, परिचालकों की नेत्र संबंधी जांच होती रहेगी। यदि नेत्र संबंधी कोई रोग है, तो समय पर उपचार किया जा सके। इस अवसर पर बस आपरेटर एसोशिएशन, स्कूल बस आपरेटर, आटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर में पदस्थ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सार समाचार

### मोटर साइकिल से गिरकर वृद्धा की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के जखरौन-सटई मार्ग पर एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय एक वृद्धा की मौत हो गई है। बताया गया है कि ग्राम रगौली मौटे का पुरवा निवासी 65 वर्षीय रमिया कुशवाहा अपने दामाद घनश्याम के साथ मोटर साइकिल से रिश्तेदार के घर सुंदरकांड पाठ में शामिल होने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में एक कार अचानक साइड से सड़क पर आ गई। उससे बचने के प्रयास में मोटर साइकिल का पहिया पत्थर से टकरा जाने से असंतुलित हो गईं और रमिया नीचे आ गिरी। गंभीर रुप से घायल हालत में उसे तुरंत सटई अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रमिया ने दम तोड़ दिया। सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा बनाया और शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम करके जांच कर रही है।

### जंगल में ले जाकर युवक को बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली निवासी एक व्यक्ति के साथ गंगवाहा रोड पर जंगल में देर रात दो लोगों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की। घायल ने रविवार सुबह 10 बजे बमीठा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसे गंभीर हालत में छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है, जब झमटुली के भगोले पटेल को दिनेश पटेल और उमेश खटीक ने गंगवाहा रोड पर जंगल में ले जाकर लाठी-डंडों और बेल्ट से जमकर पिटाई की। मारपीट से भगोले के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। सुबह परिजनों की मदद से वह बमीठा थाने पहुंचा और दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आई है, लेकिन सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। घायल भगोले को प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। उसके सिर, पीठ और हाथ-पैरों पर गंभीर चोटें हैं।

### घर के बाहर से साइकिल चोरी, नाबालिग चोर सीसीटीवी में कैद

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ललौनी तिराहे के पास एक घर के बाहर खड़ी साइकिल को नाबालिग चोर ने चुरा लिया। चोरी की पूरी वारदात पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें नाबालिग चोर रेकी करते और साइकिल ले जाते दिखाई दे रहे हैं। फरियादी गौरव प्रताप सिंह परिहार पुत्र गोविंद सिंह निवासी ललौनी तिराहा के पास सागर रोड छतरपुर ने बताया कि वह कक्षा 12वीं का छात्र है। उसने अपनी काले रंग की साइकिल घर के सामने खड़ी की और एचडीएफसी बैंक के लिए निकल गया। दोपहर 3.30 बजे घर लौटने पर साइकिल गायब थी। घर के सीसीटीवी फुटेज में नाबालिग चोर साइकिल को चुराते दिखे। गौरव ने बताया कि चोरों ने पहले घर के बाहर रेकी की और फिर साइकिल ले गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने गौरव की शिकायत पर अज्ञात नाबालिग चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### चैकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा गांजा


**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने महोबा रोड पर फॉरेस्ट कार्यालय के पास चेकिंग के दौरान एक आरोपी को 1 किलो 210 ग्राम अवैध गांजा के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान महबूब खान, पिता रसूल खान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर महबूब खान की तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 1 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

**मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को राहत दी, वहीं कई लोगों पर बरसी आफत**

# रात भर बारिश के बाद सुबह निकली तेज धूप, बिजली गिरने से 2 मृत





### खजुराहो में आंधी से कई पेड़ उखड़े

खजुराहो में शनिवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल जाने से तेज आंधी. के साथ बारिश हुई। जिससे कई पेड उखड गए। शनिवार की मध्यरात्रि और रविवार को सुबह बारिश होने से कई इलाकों में जलभराव हो गया। यहां के मतंगेश्वर मंदिर के गेट पर लगा 50 वर्ष पुराना जंगल जलेबी का पेड़ उखड़ गया। इससे मंदिर के गेट की पट्टी को नुकसान पहुंचा है। इसी तरह दुल्हादेव मंदिर परिसर में नीम का पेड़ समेत कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। पश्चिमी मंदिर के प्रवेश द्वार पर तालाब के किनारे गिरे पेड़ों की चपेट में कई पर्यटकों की कारें आ गईं। हालांकि, इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। बारिश और तूफान से शहर के सेल्फी प्वाइंट की रेलिंग टूट गई। चौराहों पर लगी साज.सज्जा भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार खजुराहो में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुल 9.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना है।

**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार को दिन में तेज गर्मी के बाद शाम से लेकर देर रात तक कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश हुई। रविवार सुबह से फिर तेज धूप निकल आई। सुबह 9 बजे तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक इसके 40 डिग्री के पार पहुंच गया।

महाराजपुर और गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में तेज हवा के साथ गरज और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य लोग घायल हुए हैं। ग्राम खीरी निवासी मानकुंवर 30 वर्ष और उसकी 10 साल की बेटी करिश्मा की मौके पर मौत हो गई। वहीं पति मनप्यारे कुशवाहा 35 वर्ष घायल हो गया। दूसरी घटना में दिलनिया गांव निवासी बेबी 30 वर्ष पत्नी रामगोपाल अनुरागी घायल हो गई है। ये सभी अपने खेत पर काम करने गए थे, लौटते समय वे सभी हादसे के शिकार हो गए। रविवार सुबह दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग मात्रा में बारिश दर्ज की गई है। ग्राम ढडारी में तेज आंधी के कारण पुराना पेड़ गिर गया। इससे पेड़ के पास से निकली 11 हजार वोल्ट लाइन भी टूट गई। घटना के बाद तत्काल बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिससे सुबह 5.30 से 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रही। सूचना पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने कडी मशक्कत के बाद सप्लाई सुचारु कराई। करीब 5 घंटे इस क्षेत्र में विद्युत प्रवाह पूरी तरह बंद रहा। जिले के लवकुशनगर और बकस्वाहा अंचल में सबसे ज्यादा 30 और 30.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। छतरपुर में 28 मिमी और नौगांव में 18.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई। इसी तरह से राजनगर में 15 मिमी, बिजावर में 6 मिमी, बड़ामलहरा में 1.4 मिमी और गौरिहार में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बताया गया है कि जिले में अब तक कुल 130.2 मिमी बारिश हो चुकी है।

# बिजली गुल होने से फूटा आक्रोश, लोगों ने चक्काजाम कर जताया आक्रोश



- बारिश में कई इलाकों में घंटों तक रहा ब्लैकआउट

**छतरपुर, देशबन्धु।** बीते रोज छतरपुर में हुई पहली ही बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खुल गई है। आंधी और तेज बारिश से जिला मुख्यालय सहित कई इलाकों में तार टूटने और डीपी फॉल्ट होने से घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे ब्लैकआउट की स्थिति बन गई।

गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से जनता में आक्रोश फूट पड़ा। रात को बड़ी संख्या में लोगों ने छतरपुर के विद्युत कार्यालय के बाहर चक्काजाम कर विरोध जताया। बता दें कि तेज बारिश ने छतरपुर शहर सहित जिले के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। छतरपुर शहर में कई जगह तार टूट गए और डीपी फॉल्ट होने से बसारी दरवाजा, सटई रोड, चौबे कॉलोनी सहित अन्य कई इलाकों में घंटों ब्लैकआउट रहा। रात 12 बजे से बिजली गुल होने से लोग उमस और गर्मी में रातभर जागते रहे।

जिले के अन्य शहरी क्षेत्रों जैसे खजुराहो, राजनगर, लवकुशनगर, चंदला, गौरिहार, बड़ामलहरा, घुवारा और नौगांव में भी यही हाल रहा। इन क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में स्थिति और बदतर थी, जहां बारिश के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। ग्रामीणों ने बताया लो वोल्टेज और फीडर फॉल्ट की समस्याएं पहले से थीं, लेकिन बारिश ने हालात को और गंभीर कर दिया। जिला मुख्यालय की ध्वस्त विद्युत व्यवस्था के संबंध में विद्युत विभाग के कार्यकारी अभियंता (ईई) अमर श्रीवास्तव से रविवार को संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### हाईवे पर महिलाओं ने किया चक्काजाम

*रविवार को शाम के समय सागर-कानपुर हाईवे पर महोबा रोड के निवासियों, विशेषकर महिलाओं ने बिजली कटौती के खिलाफ गुस्सा जाहिर करते हुए चक्का जाम कर दिया। लगातार बिजली कटौती से परेशान लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग से तत्काल समाधान की मांग की है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन गुस्साए निवासी जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग पर अड़े रहे।*

### हरपालपुर में ठप रही बिजली आपूर्ति

*जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर हरपालपुर नगर में शनिवार शाम हल्की बारिश ने मौसम को ठंडा तो किया, लेकिन बिजली आपूर्ति ठप होने से जनजीवन प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के बाद लो वोल्टेज और फीडर फॉल्ट की समस्या बढ़ गई। पिछले कई दिनों से बिजली की आंखमिचौली ने लोगों की नींद हराम कर रखी है। रात में घंटों बिजली गुल रहने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। हर पांच से दस मिनट पर होने वाली ट्रिपिंग ने उमस भरी गर्मी में लोगों को बेहाल कर दिया। नगरवासियों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मेंटीनेंस के नाम पर कटौती तो होती है, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिखता।*

### कलेक्टर ने दिए त्वरित शिकायत निवारण के निर्देश

*लगातार बिजली कटौती और जनता की शिकायतों को देखते हुए रविवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अवकाश के दिन विद्युत अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने एमपीईबी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अत्यधिक कटौती बंद हो और शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नंबरों पर फोन न उठाने की शिकायतें मिल रही हैं, जो अस्वीकार्य है। कलेक्टर ने जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने और हेल्पलाइन नंबर बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके पालन में बिजली विभाग ने दो लैंडलाइन नंबर 07682245566, 07682245567 और एक मोबाइल नंबर 9425613757 जारी किए, जो पावर हाउस कॉल सेंटर में स्थापित हैं। कॉल सेंटर में तीन शिफ्ट में कर्मचारी तैनात रहेंगे और शिकायतों को तुरंत रखरखाव टीम को भेजा जाएगा। इसके अलावा टोल-फ्री नंबर 1912 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि शिकायत का समाधान न होने पर जिला कंट्रोल रूम नंबर 07682245376 पर संपर्क करें।*

## भीषण गर्मी के बीच अस्पताल में बंद पड़े पंखे, मरीज बेहाल

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए लगाए गए एसी और पंखे बंद पड़े हैं। अन्य वार्डों सहित बर्न वार्ड में गर्मी और उमस के कारण मरीज बेहाल हैं।



अस्पताल में मरीजों के परिजन बाजार से महंगे दामों में पंखे खरीदकर वार्ड मे लगा रहे हैं। कुछ लोग तौलिये और एक्सरे के लिफाफों से मरीजों को हवा करके राहत देने के प्रयास में देखे जा रहे हैं। बर्न वार्ड में ग्राम धमोरा में रहने वाले 13 वर्षीय लोकेंद्र रैकवार को 4 दिन पहले गर्म दूध से जलने पर भर्ती किया गया था।

तेज गर्मी में बच्चे के रोने पर परिजनों को 1230 रुपए का पंखा खरीदना पड़ा। देरी रोड निवासी अरविंद चौरसिया ने बताया मां को पेट दर्द से पीड़ित हालत में अस्पताल में भर्ती किया था। यहां पंखा न होने से घर से पंखा लाना पडा है। ग्राम बरेठी की माया ने बताया अस्पताल में भर्ती उनकी बीमार मां की हालत गर्मी के कारण और बिगड़ रही है।

### कार में लगी भीषण आग, धू-धू कर जल गया वाहन कार

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के पारा-तिलौंहा के पास एक चार पहिया वाहन में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे कार आग का गोला बनकर जलकर खाक हो गई। घटना का वीडियो राहगीरों ने बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह नष्ट हो चुका था। चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। राहगीरों ने इस भयावह दृश्य का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह राख हो चुकी थी। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# बच्ची के गले में फंसा सिक्का निकलवाने दिल्ली से छतरपुर आए परिजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. मनोज चौधरी ने एक साढ़े 3 साल की बच्ची के गले में फंसे सिक्के को बिना ऑपरेशन के निकालकर उसकी जान बचा ली। खास बात यह है कि बच्ची के परिजन उसे दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह के बाद निराश होकर छतरपुर लाए थे, जहां कुछ ही घंटों में डॉ. चौधरी ने बच्ची को स्वस्थ कर दिया।



जानकारी के मुताबिक दिव्यांशी रजक उम्र साढ़े 3 वर्ष के पिता अनादि रजक निवासी बुड़ेरा गांव जिला टीकमगढ़, दिल्ली में मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया 5 दिन पहले दिव्यांशी के गले में 5 रुपए का सिक्का फंस गया था। दिल्ली के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने बिना गारंटी के ऑपरेशन की सलाह दी। एक परिचित प्रेमनारायण ने छतरपुर के डॉ. मनोज चौधरी का जिक्र किया। रविवार सुबह परिजन बच्ची को लेकर छतरपुर पहुंचे और डॉ. चौधरी से संपर्क किया। कुछ घंटों में ही डॉ. चौधरी ने बिना ऑपरेशन के सिक्का निकाल लिया। बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है।

डॉ. मनोज चौधरी ने बताया बच्ची को दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह दी गई थी, लेकिन रिश्तेदारों की सलाह पर परिजन छतरपुर आए।

सिक्का आहार नाल में फंसा था, जिसके कारण बच्ची केवल लिक्विड डाइट पर थी। लंबे समय तक सिक्का फंसे रहने से घाव का खतरा था। सावधानीपूर्वक प्रक्रिया से सिक्का निकाला गया। परिजनों ने डॉ. चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2 सैकड़ा मरीजों को मिला उपचार

**बक्स्वाहा, देशबन्धु।** बक्सवाहा के मूल निवासी और झांसी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आकाश ताम्रकार ने अपनी जन्मभूमि के प्रति सामाजिक दायित्व निभाते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सैकड़ों गरीब ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया।



शिविर का आयोजन बक्सवाहा के बड़ा बाजार स्थित श्री दिनेश ताम्रकार (दद्दे) के मकान में किया गया। इसमें 212 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड शुगर फास्टिंग, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन, थायराइड प्रोफाइल, कंप्लीट ब्लड टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट शामिल थे। शिविर संयोजक मनीष जैन ने बताया यह पहल क्षेत्र की आर्थिक और स्वास्थ्य चुनौतियों को ध्यान में रखकर की गई। रामटोरिया, शाहगढ़, बम्होरी, बटियागढ़, सानोदा, केरवारा, किशनपुरा, सुनवाहा सहित दो दर्जन गांवों के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। डॉ. आकाश ताम्रकार का सहयोग करने के लिए धीरेन्द्र पाल (झांसी), गौरव पाल (निवाड़ी), योगेश पाल (झांसी), सत्यम शर्मा (झांसी) और विष्णु तिवारी जैसे युवाओं ने जांच कार्य में योगदान दिया। क्षेत्रवासियों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए दिनेश ताम्रकार (दद्दे) और आशीष ताम्रकार की समाजसेवी भावना की सराहना की।

**अल्टो कार से नरसिंहगढ़ से लाई जाती थी शराब**

# पुलिस ने घर से 16 पेटी अवैध पकड़ी





***घुवारा, देशबन्धु।*** *राज्य शासन ने सभी जिलो के पुलिस अधीक्षक को अवैध रूप से कारोबार करने बालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं शासन के निर्दोशो के परिपालन में छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा थाना प्रभारियों व उपथाना प्रभारियों की बैठक लेकर अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घुवारा उपथाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछरावनी में काफी दिनों से अवैध रूप से अन्य क्षेत्र से शराब आने की निरंतर शिकायतें मिल रही थी जिसपर उपथाना प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार द्वारा रोज मुखबिर की सूचना पर उपथाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ बछरावनी गांव पहुंचकर संदेह के घेरे में गांव के प्रदीप सिंह को लेकर पूछताछ और घर की तलाशी ली तलाशी के दौरान भूसा के घर में अवैध रूप से देशी शराब की 16 पेटियां पाई गई पुलिस ने शराब की पेटियों को जब्त कर विक्रय करने बाले प्रदीप सिंह को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि हम लम्बे समय अवैध रूप से दमोह जिले के नरसिंहगढ़ से शराब लाकर बेचते हैं बीते दिनों अल्टोकार से 16 पेटी लाये थे जिसपर पुलिस ने अवैध रूप से क्रय करने बाले बछरावनी निवासी प्रदीप सिंह तथा सप्लायर रामबाबू जयशबाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34/2 के तहित 144 लीटर देशी शराब जिसकी कुल कीमत 56 हजार रूपये आंकलन कर मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।*

### इनका कहना है

*जब इस सबंध में टीआई कृपाल मार्को से बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया कि घटना की जानकारी है इस प्रकार का कृत्य करना ग़लत है जिसपर एएआई को फटकार लगाई अगर संबंधित आवेदन देता है तो कार्रवाई की जायेगी।*

### ए एस आई ने आबकारी ठेकेदार के मुनीम से की अभद्रता

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि जिस समय उपथाना पुलिस द्वारा अवैध रूप से विक्रय करने बाले शराब कारोबारियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा? रही थी उसी समय उपथाना घुवारा में पदस्थ ए एस आई भान सिंह द्वारा आरोपियों को बचाने में पूरी कोशिश की जा रही थी लेकिन शराब पकड़ने की खबर सामने आने लगी नगर के कुछ लोग और आबकारी ठेकेदार का मुनीम उपथाना परिसर पहुंच गये। ठेकेदार के मुनीम नरेंद्र राय पर अचानक ए एस आई भान सिंह भड़क गये और मां बहिन की गाली गलौज देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे जिसपर पुलिस स्टाप द्वारा मामले को शांत कराया जिसकी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है साथ ही मामले की जानकारी अधिकारियों तक दी गई। आबकारी ठेकेदार के मुनीम ने ए एस आई भान सिंह पर आरोप लगाते हुए बताया है कि आये दिन भानसिंह द्वारा बिना पैसों के शराब मांगी जाती है साथ ही पैसों की मांग करते हैं कई बार दें देते अगर कभी नहीं दे पाते तो खुन्नस निकालते हुए मामले में फंसाने की धमकी भी देते हैं। अब देखना है ऐसे अधिकारी के ऊपर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संज्ञान लेकर क्या कार्यवाही करते हैं जो जिले के साफ स्वच्छ छवि के लिए जाने बाले पुलिस अधीक्षक अगम जैन की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

*जब इस सबंध में एडीएसनल एसपी प्रभारी एसपी विदिता डावर से बात हुई तो उनका कहना है कि मैं थाना प्रभारी से बात करती हूं और जांच कर कार्रवाई करती हूं।*

सागर, सोमवार 16 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सरकार की लापरवाही से यात्राओं में जोखिम

देश में यात्रा करना कितना जोखिम भरा हो चुका है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण अहमदाबाद में 12 जून को हुआ विमान हादसा है। जिसमें विमान सवार यात्रियों में एक को छोड़ बाकी सभी 241 लोगों की जान चली गई और जिस बी जे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां और आसपास की सड़कों पर मौजूद कई लोग इसमें मारे गए। कम से कम 279 लोगों की मौत बताई जा रही है, हालांकि आंकड़ा और बढ़ सकता है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो हादसे के सही कारण की पड़ताल हो रही है। इस बीच सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। लेकिन इस समिति के जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, क्या उनसे भविष्य के लिए कोई सबक लिया जाएगा, यह विचारणीय है। क्योंकि उत्तराखंड में रविवार सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट समेत सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जब से चारधाम यात्रा शुरु हुई है, उत्तराखंड में इस तरह के कम से कम पांच हादसे हो चुके हैं। 8 मई को हुए ऐसे ही एक हादसे में 6 लोगों की जान गई थी। ये भी सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि उड़ान के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता। इधर 9 जून को मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़ अधिक होने से कम से कम पांच लोग पटरी पर गिरकर मर गए। सड़क दुर्घटनाओं का तो कोई ओर-छोर ही नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग या तो मारे जाते हैं या फिर बुरी तरह घायल होते हैं। जो पैदल चलते हैं, सड़कें उनके लिए भी सुरक्षित नहीं हैं।

इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की जगह सरकार की पूरी दिलचस्पी फोटो खिंचाने और बड़े-बड़े दावे करने में दिखाई देती है। अहमदाबाद हादसे के अगले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें आई हैं, एक तस्वीर में ऊपर विमान का हिस्सा लटका हुआ है, श्री मोदी सिर उठाकर उसे देख रहे हैं और ये तस्वीर से नीचे से ऊपर खींची गई है, यानी इसके लिए फोटोग्राफर को लगभग लेट कर फोटो खींचनी पड़ी होगी। इसे देखकर लगा कि प्रधानमंत्री के लिए हर हाल में अलग-अलग एंगल से फोटो खिंचवाना कितना जरूरी है। वे चाहे गुफा में ध्यान लगाएं, विवेकानंद मेमोरियल में मौन चिंतन करें, केदारनाथ के दर्शन के लिए चढ़े या विमान हादसे का मुआयना करें, तस्वीरों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। और जहां तक दुर्घटनाओं का सवाल है तो गृहमंत्री अमित शाह कह ही चुके हैं कि दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन क्या गृहमंत्री ब्रिटेन को भी ऐसा ही बोल सकते हैं, क्योंकि वह भी अपने नागरिकों की मौत की जांच करना चाहता है। ब्रिटेन तो सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। अभी दिल्ली के चिड़ियाघर तक को अंबानी के हवाले करने की योजना बना ली गई है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा।

विपक्ष तो काफी अरसे से इन सवालों को उठा रहा है। लेकिन हर बार देश दुख में है, जैसे बहाने से सरकार सवालों को टालती है। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति रमेश विश्वासकुमार की जान बची, तो इस पर बेतुके सवाल होने लगे कि जब प्लेन गिर रहा था तो वे बाहर कैसे कूदे। इसी तरह आर्यन असारी नाम के छात्र ने विमान का गिरते हुए वीडियो बनाया तो उसे भी पुलिस पूछताछ के लिए ले गई, जबकि वह अपने गांव से पढ़ने आया था और हवाई जहाजों के वीडियो बनाकर अपने दोस्तों को दिखाना चाहता था। इस हादसे पर बाबा रामदेव ने कहा कि मुझे पता चला है कि विमान के रखरखाव और सेवा का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है।

रामदेव के एक बेतुके आरोप ने भारत की जबरन किरकिरी करा दी। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। उधर हिंदुत्व का खेल भी शुरु हो गया है कि इस हादसे में एक भगवतगीता बच गई। आज तक की पत्रकार श्वेता सिंह तो बाकायदा उसे प्रणाम करते दिखीं। अच्छी बात है कि एक किताब नहीं जली, लेकिन क्या ये सूचना उन दुखद कहानियों से बढ़कर है जो कम से कम दो सौ परिवारों का सच बन चुकी है।

शायद गंभीर हादसों पर हमारा लापरवाह रवैया दुखद कहानियों में नए पन्ने जोड़ता जा रहा है। बहरहाल अब देखना है कि मोदी सरकार इस हादसे को लेकर कोई बड़ा फैसला करती है या नहीं, ये बात भाजपा याद रखे कि इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी जान गई है।

# इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!

विज्ञान और तकनीक में प्रगति इंसान की बेहतरी के लिए। मगर आज लग रहा है कि वह विनाश के लिए है। पूरी मानवता के विनाश के लिए। कुछ देशों ने उसका ऐसा ही विकास किया है।

एक समय था जब स्कूल में फिर कालेज में भी वाद-विवाद में यह विषय जरूर होता था कि विज्ञान वरदान या अभिशाप! वह समय नेहरू के साइंटिफिक टेंपर (वैज्ञानिक मिजाज) के बाद का था और देश में ही नहीं विदेशों में भी विज्ञान इंसान की जिन्दगी को आसान और खुशहाल बना रहा था।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया शांति की तलाश में थी और विज्ञान के जरिए उस शांति में सुख समृद्धि लाना चाहती थी। उसी दौर में हिटलर के अत्याचारों से एक पूरी कौम के नष्ट हो जाने की आशंका को देखते हुए दुनिया ने यहूदियों को जर्मनी से निकालकर अरब देशों के बीच एक सुरक्षित ठिकाना दिया। इजराइल नाम का एक नया देश बना। लेकिन जो पीड़ित था वह बाद में खुद दूसरों के लिए इतनी बड़ी समस्या बन जाएगा कि एक और बड़े युद्ध की आशंका दुनिया को डराने लगेगी यह किसी ने नहीं सोचा था।

पहले गजा में नरसंहार। दो साल होने जा रहे हैं। करीब 60 हजार फिलीस्तिनियों को इजराइल ने मारा। जिनमें बड़ी तादाद में बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ जो संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है बच्चों के लिए काम करने वाली, उसके आंकड़ों के मुताबिक जख्मी और मारे गए बच्चों की तादाद 50 हजार के करीब है। इजराइल ने गजा पहुंचने वाली सारी रसद दूध, दवाइयां बंद कर रखी है जिसकी वजह से मौत की संख्या रोज बढ़ रही है।

एक छोटा सा देश इजराइल जो चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है किस तरह इतना अत्याचार कर पा रहा है। एक अमेरिका के समर्थन तो है मगर जिस तरह उसने नए-नए हथियार बना लिए हैं, सुरक्षा सिस्टम जिसे आयरन डोम कहा जाता है उससे वह खुद को अजेय और पूरी तरह सुरक्षित समझ रहा है।

इसी भ्रम में उसने ईरान पर हमला बोल दिया। लेकिन ईरान के जवाबी हमले ने उसके आयरन डोम से सुरक्षा की खुशफहमी को तोड़ दिया। मीडिया सारा पश्चिमी है। वह मुख्यत: इजराइल का साथ दे रहा है। इजराइल के हमले से ईरान को कितना नुकसान हुआ यह तो बढ़ा चढ़ाकर बता रहा है। मगर ईरान ने उसका कितना नुकसान किया इस पर कहता है कि ईरान के दावे हैं मगर इजराइल खंडन करता है।

यह मीडिया रुस-युक्रेन युद्ध में युक्रेन को उकसा रहा था। भारत से भी सारे न्यूज चैनलों को युक्रेन ले जाया गया था। यह पश्चिमी मीडिया अमेरिका के हितों को देखकर काम करता है। हमारे यहां भी लोग इसके प्रभाव में आ जाते हैं।

मगर भारत-पाक के बीच अभी हुए सीमित युद्ध में हम लोगों को इस पश्चिमी मीडिया ने झटका दिया। चूंकि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा था तो उसका मीडिया भी पाकिस्तान के पक्ष में प्रचार कर रहा था।


हमें अपनी विदेश नीति देश हित के अनुरूप रखना चाहिए। मगर मोदी जी द्वारा इसे अपनी व्यक्तिगत छवि बनाने के लिए उपयोग करने से दुनिया में हम अकेले पड़ गए। सच को सच कहने के साहस की वजह से विश्व में हमारा सम्मान था। मगर अब हम बचने लगे। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा में गजा में संघर्ष विराम के लिए हुई वोटिंग से हम दूर हट गए। मतलब हमने संघर्ष विराम के पक्ष में वोटिंग नहीं की। संदेश गया कि भारत शांति नहीं चाहता। 193 सदस्यीय महासभा में युद्ध विराम के पक्ष में 149 वोट पड़े। विरोध में केवल 12 और 19 देश जिनमें भारत भी था ढुलमुल। भारत ऐसा कभी नहीं था। वह तो इनमें से 120 देशों का नेतृत्व करता था। गुटनिरपेक्ष आंदोलन। नेहरू इसके नेता थे।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बहुत तगड़ा हमला किया। पूछा कि क्या आज युद्ध और नरसंहार के खिलाफ भी खड़े होने की मोदी सरकार में हिम्मत नहीं है? कांग्रेस ने कहा यह शर्मनाक है। भारत हमेशा शांति न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है।

मोदीजी भूल रहे हैं कि पिछले दिनों बिहार चुनाव के समय उन्होंने जिन दिनकर को याद किया था। उन्होंने लिखा था कि 'जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध!' और उनके ही गुजरात सूरत के शायर वसीम मलिक ने इसे और आगे बढ़ाते हुए कहा है कि - -

'इसलिए जिन्दा हूं कि मैं बोल रहा हूं
दुनिया किसी गूंगे की कहानी नहीं लिखती!'

खैर मोदी जी को कौन समझा सकता है। अचानक सीज फायर पर तो भाजपा और संघ भी उन्हें नहीं समझा पाए। अब तो वक्त ही उन्हें समझाएगा। मगर बात हम कुछ दूसरी कर रहे थे। लेकिन आजकल आप बात कोई करो मोदी जी ने इतना निराश कर दिया है कि बात उन तक आ ही जाती है।



शकील अख्तर

**समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते।**

बात थी दुनिया पर मंडराते एक बड़े युद्ध के खतरे की। जिसे इजराइल ने शुरू किया है। जिस देश से सीमा नहीं मिलती, बीच में कई देश आते हैं, ढाई हजार किलोमीटर दूर है उस पर हवाई हमले करके। उसकी आबादी केवल 90 लाख है। ईरान की 9 करोड़। भूभाग इजारइल का केवल 22 हजार वर्ग किलोमीटर है और ईरान का 16 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा। मतलब 70 गुना ज्यादा क्षेत्रफल और 10 गुना ज्यादा आबादी।

और एक तथ्य बताते हैं इजराइल चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है। और दुनिया में 57 इस्लामिक कंट्री हैं। जो खुद को फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थक बताते हैं। इनका एक संगठन भी है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) लेकिन गजा में नरसंहार के दो साल होने जा रहे हैं यह संगठन अभी तक इसे रोकने की कोई ठोस पहल नहीं कर पाया। इसमें सउदी अरब जैसे अमेरिका के कई निकटतम मित्र देश हैं। मगर अमेरिका गजा में युद्ध विराम नहीं होने देता और उसके साथ बहुत मधुर संबंध रखने वाले इस्लामिक देश जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है उससे कुछ नहीं कह पाते।

समस्या क्या है? वही, जो हमने शुरू में कही। विज्ञान और तकनीक का उपयोग तरक्की के लिए करना। इस्लामिक देशों ने इस नजरिए से कभी सोचा ही नहीं। मार्डन एजुकेशन साइंस और टेक्नोलाजी में वे इजराइल से बहुत पीछे रह गए। इसलिए इतना छोटा देश अपने जन्म के बाद से इस्लामिक मुल्कों को लगातार चैंलेज कर रहा है। हमने ऊपर ही लिखा कि विज्ञान को विनाश तक ले जाने के बहुत दुष्परिणाम होंगे। इजराइल वही कर रहा है।

ईरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है। ढाई हजार किलोमीटर जाकर उस पर हमला करने को वह या कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। और वह भी उससे आबादी और क्षेत्रफल दोनों में बहुत छोटा।

मगर ईरान सहित दूसरे सभी इस्लामिक मुल्क जिन्हें इजारइल लगातार 1948 से अपनी स्थापना के बाद से चैलेंज कर रहा है इसलिए उससे अभी तक नहीं जीत सके कि साइंस टेक्नालाजी एजुकेशन अर्थव्यवस्था किसी में भी वह सब मिलकर भी इजराइल के बराबर नहीं हैं।

समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते। बस इनके शेख अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें दुनिया के महंगे जहाज से लेकर और दूसरे महंगे-महंगे तोहफे देकर खुश हो जाते हैं।

लेकिन यह नहीं समझते कि इजराइल के मुकाबले अमेरिका इन्हें कभी बचाएगा भी नहीं। मार्डन एजुकेशन, साइंस, टेक्नालाजी में पैसा खर्च करें। तड़क-भड़क दिखाने में नहीं। इस समय सब आपसी विवाद भूलकर साथ खड़े होने का मौका है।

गजा में पूर्ण युद्ध विराम और ईरान पर हमले रोकना तत्काल जरूरी है। और अगर सारे इस्लामिक कंट्री साथ खड़े हो जाएं तो अमेरिका को यह करना पड़ेगा। बेवकूफियों में इन्होंने बहुत बर्बाद कर दिया है। और ईरान पर हमले के बाद भी नहीं चेते तो फिर कोई इज्जत नहीं बचेगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली

■ अरविंद सरदाना

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक मीटिंग में भारत के स्टार्टअप्स को फटकार लगाते हुए कहा कि भारत के स्टार्टअप दुकानदारी-नुमा नवाचार कर रहे हैं। मेहनती हैं, किन्तु केवल बाज़ार व्यवस्था में खरीदने-बेचने के नए तरीके के ही प्रयोग कर रहे हैं। इसकी तुलना में चीन में अधिकांश स्टार्टअप तकनीकी क्षेत्र में प्रयोग करते हुए प्रगति की राह पर चल रहे हैं। मंत्री जी का यह कथन सही है, लेकिन क्या इसमें स्टार्टअप का दोष है या सरकारी नीतियों की कमी और उनकी दूरदृष्टि का अभाव?

भारत में किसी भी स्टार्टअप के मूल में दो बातें देखी जाती हैं ङ्क एक, नवाचार और दूसरी, बाज़ार में सफलता! नवाचार की दृष्टि से यह परखा जाता है कि उस विचार में कितना दम है, क्या यह प्रयोग करने योग्य है? साथ-ही-साथ यह प्रश्न भी पूछा जाता है कि क्या यह बाज़ार में चल पायेगा?

हम यह भूल रहे हैं कि बाज़ार का आकलन बहुत दूरदृष्टि का नहीं हो सकता। एक विचार जो पुख्ता है, लेकिन उसके बाज़ार में टिकने की सम्भावना नहीं है, ऐसे स्टार्टअप को वित्तीय मदद कौन करेगा? टेक्नालॉजी में अधिकांश नए विचार शोध के क्षेत्र में होते हैं जो विश्वविद्यालयों या विशेष शोध-संस्थानों में किए जाते हैं। इनमें से कई विचारों को बाजार में उतरने में कई बरस या दशक लग जाते हैं तब जाकर स्टार्टअप की कल्पना की जा सकती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शोध करने वाले कई असफलताओं से गुज़रकर ज्ञान के भंडार को पुख्ता करते हैं।

**टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।**

यदि टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।

हमारे एक विज्ञान के साथी ने एक घटना सुनाई जो इस बात को दर्शाती है। दो दशक पहले जब वे जर्मनी के एक लैब में अपना पोस्ट-डॉक्टरेट काम कर रहे थे तो उनके जैसे कई स्टूडेंट चीन से थे, पर खास बात यह थी कि चीन के छात्रों के साथ उनकी मदद करने वाले एक सीनियर वैज्ञानिक भी थे जो इस बात का भी आकलन कर रहे थे कि हम यह लैब चीन में कैसे बना सकते हैं। उन्होंने चीन सरकार को इसकी रिपोर्ट पेश की और एक दशक बाद चीन की यूनिवर्सिटी से उस प्रकार के उच्चतम स्तर के शोधपत्र निकल रहे थे जो इस बात को सिद्ध करता था कि उनके देश में उस प्रकार के लैब बन गए थे।

इसे एक अन्य उदाहरण से भी समझा जा सकता है। चीन के बाद भारत मोबाइल फ़ोन का सब से बड़ा निर्यातक है, पर दोनों में खास अंतर है। चीन में जब मोबाइल फ़ोन बनता है तो उसका लगभग 90 फीसदी तकनीकी हिस्सा चीन में ही बनाया जाता है। भारत में बनने वाले मोबाइल फ़ोनों के 75 फीसदी तकनीकी पार्ट्स बाहर से आयात किए जाते हैं। इस प्रकार के तकनीकी उद्योग जो मोबाइल फ़ोन के अलग-अलग खास पार्ट्स बना पाएं, उनको भारत सरकार एक इको-सिस्टम में नहीं ढाल पाई। तकनीकी उद्योग की नींव में जो शोध होना चाहिए वह भी नहीं बन पाया है।

इसका एक कारण है कि हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को केवल सड़क, पानी और बिजली तक सीमित रखा है। ये सब उपलब्ध हों तो निजी उद्यमी अपने आप उद्योग का निर्माण करेंगे, किन्तु आज के समय के लिए यह समझ अधूरी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का अहम हिस्सा है तकनीकी ज्ञान भंडार और उसमें कुशल मानव संसाधन। यदि यह देश में उपलब्ध नहीं है तो सरकार का काम है उसे उपलब्ध करवाए। इसमें सरकार की कई भूमिकाएं हैं - खुद कारखानों में निवेश करना व चलाना, शोध के लिए विशेष कदम उठाना और उन विदेशी कम्पनियों को लाना जिनके पास यह टेक्नालॉजी है। इन क़दमों के बिना इस प्रकार के उद्योग नहीं लग सकते। तकनीकी ज्ञान आपको आसानी से कोई नहीं देगा।

हम 'मेक इन इंडिया' करना चाहते हैं। नारा सही है, पर उसकी कारगर नीति नज़र नहीं आती। उद्योग के लिए ज़रूरी है नए कारखाने लगें और एक तरह का जाल या आपसी सम्बन्ध बने जहां एक का सामान दूसरा उपयोग करता हो। देश के लिए औद्योगीकरण में गहराई तभी बनती है, जब किसी भी सामान को बनाने के अधिकांश पार्ट्स हम देश में बना सकते हैं। यहां विस्तृत योजना की ज़रूरत है। कुछ क्षेत्रों में सरकार को खुद निवेश करना होगा।

वर्तमान समय के अध्ययन बताते हैं कि हम कारखानों के लिए ज़रूरी सामान का बड़ा हिस्सा आयात कर रहे हैं। अधिकांश चीन पर निर्भर हैं। प्राइवेट सेक्टर को जब तक सस्ता आयात करने का अवसर रहेगा तब तक वह इस दिशा में निवेश नहीं करेगा। उसकी सोच 'दुकानदारी' की होती है, दूरगामी नहीं। उदाहरण के लिए हम दवा उद्योग के क्षेत्र में अव्वल हैं, परन्तु इसका बहुत सारा ज़रूरी सामान चीन से आयात होता है। यदि यही सामान देश में बनाना है तो सरकार को खुद निवेश करना होगा और उसका तकनीकी ज्ञान हासिल करना होगा। हम इस नारे में फंस गए हैं कि सरकार को कारखाने नहीं लगाने चाहिए। नतीजे में ज़रूरी बुनियादी उद्योग की अवधारणा को भूलकर नेहरूवादी आद्योगिकीकरण को नकारा बताने की निरर्थक बहस में मशगूल हो गए हैं।

इन सभी कारणों को मिलाकर देखें तो दुकानदारी-नुमा स्टार्टअप का बनना हमारे वातावरण की उपज है। हमने ऐसा माहौल तैयार नहीं किया है जहां सरकार तकनीकी शोध में अधिक निवेश करती हो, जहाँ 'सार्वजनिक क्षेत्र' के उद्योगों द्वारा बुनियादी क्षेत्र में निवेश किया जा रहा हो या फिर विशेष कम्पनियों को टेक्नालॉजी ट्रान्सफर के लिए सरकारी कम्पनी के साथ अनुबंध किया जाए। हमारी नीतियां बाज़ार व्यवस्था में प्रोत्साहन देने पर टिकी हैं जिससे वातावरण बन जायेगा और निजी क्षेत्र स्वाभाविक रूप से तकनीकी ज्ञान की भरपाई कर लेगा। इस सोच को बदलने की ज़रूरत है।

**( लेखक 'एकलव्य फॉउन्डेशन' के पूर्व-निदेशक हैं। )**

## आपके पत्र

### जनसंख्या का समीकरण कमजोरी या ताकत ?

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा,अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे,निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें। भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चीन 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। भारत में युवा जनसंख्या 55 फीसदी से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्तियुक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा।

कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### जनतांत्रिक शक्तियों की विजय

*'हमारी चुनाव प्रणाली में जिसे सबसे ज्यादा वोट मिले वह जीत जाता है। इसमें वोट प्रतिशत की बात गौण हो जाती है। जब जीतने वाली पार्टी का वोट प्रतिशत आधे से कम हो तथा उससे सबक लेकर सारे विपक्षी एकजुट हो जाएं तो यही तत्व अपने आप महत्वपूर्ण हो जाता है। अतीत में हमने देखा है कि जब-जब गैरकांग्रेसी दल एकजुट हुए हैं कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा। इस बार बिहार में भाजपा-विरोधी तीन दल एकजुट हो गए तो समीकरण बदल गए और भाजपा के हिस्से ऐसी शोचनीय पराजय आई। भाजपा ने महागठबंधन को तोडने और कमजोर करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं रखी। उसने जदयू के दागी नेताओं को टिकट दिए, दलबदल को बढ़ावा दिया, ओवैसी को प्रच्छन्न समर्थन दिया, मुलायम सिंह के साथ भी गुपचुप दोस्ती की लेकिन उसकी कोई भी युक्ति कारगर नहीं हो सकी।'*

**( देशबन्धु में 09 नवंबर 2015 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/11/blog-post_8.html

## गुरवाणी विचार

### नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी

लोभ लहरि उठी नीझर बाजै काइआ डूबे केसवां
संसार समुंदे तारि गोबिंदे तारि लै बाप बीठला
अनिल बड़ा हौ खेविन न साकौ तेरा पार न पाइआ बीठना
होय दिआल सतगुरु मेलि तूं मोको पार उतारे केसवा
नामा कहे हौं तर भी न जानों मोको बाहि दे बांहिदे बीठला।

भक्त नामदेव की वाणी की इन पंक्तियों द्वारा प्रभु परमात्मा के अरदास बिनती कर रहे हैं कि हे केशव परमात्मा संसार के सारे जीव संसार रूपी समुंद्र में लोभ, मोह अहंकार काम,क्रोध की लहरे हर वक्त बड़ी जोर-जोर से उठती रहती है। ऐसा लगता है कि सारे संसार समुद्र का पानी बड़े उछल रहा है और इन लहरों भर समुद्र में मेरी जीवनरूपी नौका डूबते जा रही है लोभ मोह हर वक्त मेरे जीवन को ग्रसते जा रहा है जिसकी वजह से मेरी जीवन रूपी नैया डूबती जा रही है। लोभ के अधीन रहने के कारण मेरा मन आप की सिमरन बंदगी में लग नहीं पा रहा है। वह हर वक्त विषय विकारों, सांसारिक मोह माया में ही गलतान रहता है। इस तरह की व्यथा वह अपनी इस शब्द में प्रकट कर रहे हैं और प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि आप ही मुझ पर कृपा दृष्टि डालो ताकि मैं आपकी सिमरन बंदगी में लग सकूं। मेरा मन सांसारिक मोह माया से परे विषय विकारों से परे आपकी सिमरन बंदगी में लग जाऊं। जीवन रूप नैया को खेकर सुचारू रूप से आपके लोक में जा सकूं। आपरके सांची दरबार में स्थान पा सकूं अतएव ऐ मेरे बीठल पिता, माया मोह में निर्लेप परमपिता इस लोभ से भरे संसार पार उतार लो। जिस तरह समुद्र में तूफान आते हैं हर नाव को चप्पू चलाकर इन तूफानों पार उतारना बड़ा मुश्किल होता है। प्रभु की विशेष कृपा हो जाने पर ही सुचारू रूप से पार उतारा जा सकता है ठीक उसी तरह हर इंसान की जीवन नौका लोभ. मोह, विषय विकारों के भंवर में फंसी हुई हैजिसके कारण इसका मन सांसारिक मोह माया में ज्यादा फंसा रहता है और अपने जनक परमात्मा को भुला बैठा है।

प्रभु प पर हीरमात्मा की रहमते नजर पड़ने पर ही वह प्रभु सिमरन बंदगी में लग सकता है, सिमरन बंदगी में लगकर ही अपने पुण्य का बैंक बैलेंस बढ़ा सकता है और पुण्य का खाता हढ़ने पर ही इसे धर्मराज की कचहरी में पेश होने पर प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता अत: हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए-

तुम करो दया मेरे सांई
ऐसी बुद्धि करो परगासा
सदा सदा तुध धिआई।

हर इंसान को भक्त नामदेव की तरह प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए। ताकि वह सांसारिक मोह माया के जाल से बचा रह सके। हाथ-पैर से दैनिक कार्य करते हुए मन सदा निरंकार के साथ जुड़ा रहे तभी वह प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्रात कर सकता है। अत: हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करता रहे-

सद बरबसंद सदा मेहरबाना, सभना देह आधारी
नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी।

**-इंदर सिंह आहूजा**

# दुकानदार नाबालिग बच्चों से बसों में बिकवा रहे है मिनरल वॉटर

### यात्रियों की बसों के इर्द गिर्द घूमने वाले बच्चों से बस चालक परेशान



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के मुख्य बस स्टैंड पर संचालित कोल्डड्रिंक की दुकानों के कुछ संचालक नाबालिग बच्चों को कमीशन देकर बसों में मिनरल वॉटर बिकवाते है। मुनाफा के चक्कर में नाबालिग बच्चे बस स्टैंड पर बस आते ही दौड़कर चलती हुई बसों में चढ़ने उतारने के लिये जद्दोजहद करते है, जिससे बस स्टैंड पर देखने वाले लोग बच्चों के जोखिम भरे कार्य को देखकर सहम जाते है। हालांकि बच्चों के जोखिम भरे कार्य को देखकर लोगों ने दुकानदारों से कहा तो कुछ दुकानदार ने तो बच्चों से जोखिम का कार्य कराना बंद कर दिया है लेकिन कुछ दुकानदार अभी भी नाबालिगों से पानी की बोतल सहित कोल्डड्रिंक की बोतलें बसों में बिकवा रहे है जो दुकानदार नाबालिगों से जोखिम भरा कार्य बसों में सामग्री बिकवाने का कर रहे है उसकी बस स्टैंड के कुछ लोगो ने निंदा की है। क्योंकि बच्चे जब चलती बसों दौड़ दौड़कर चढ़ते है तब लोगों को दुर्घटना का भय बना रहता है। एक बस चालक ने बताया कि बस रुक नही पाती और बच्चे अंदर घुस जाते हैं, अगर ध्यान नहीं दे तो बस के नीचे आ जाये, कई बार दुकानदारों से शिकायत कि लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जोखिम भरा कार्य नाबालिगों से कराने वाले दुकानदार को उनकी कोई परवाह नही है। लोगों ने शाहगढ़ बस स्टैंड पर बेतरतीब ट्रैफिक एवं अतिक्रमण पर चिंता जताई है।

## मप्र राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स संगठन की मासिक बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** रविवार को शंकर पैलेस मकरोनिया में मप्र राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स संगठन की मासिक बैठक सागर शाखा के अध्यक्ष इंजी. योगेश सिंघई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें इंजी. एके पांडे, इंजी. केसी जैन, केएल कटारिया, महाराज सिंह राजपूत, जेपी शर्मा, अनिल गुप्ता, नवीन सक्सेना, प्रमोद डरे, सत्यनारायण सोनी, डीएस राजपूत, रवि शंकर कटारे, गणेश सैनी, महेंद्र प्रजापति, गोविंद मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में नये सदस्य नवीन जैन, कुशल जैन, राज किशोर दुबे का स्वागत पुष्पमाला और और श्रीफल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव राजीव श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## दर्जनों गांवों में 24 घण्टे से विद्युत सप्लाई ठप



**मालथौन, देशबन्धु।** बरसात के मौसम की शुरुआती दौर में नगर व ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की बिगड़ी सूरत सबके सामने आ गई। शनिवार दोपहर में मानसून की आहट हुई तेज आंधी तूफान चलने क्षेत्र में कई जगह विद्युत पोल धरासाई हो गये, पेड़ टूटकर लाइनों पर गिर पड़े। पूरे सीजन चले मेंटेनेंश की बधिया उधेड़ के रख दी है। किस तरह विद्युत पोल लगाये जा रहे है आंधी तूफान में धरासाई हो रहे हैं। जिस कारण मालथौन के आसपास एक दर्जन गांव की विद्युत सेवायें ठप हो गई। विद्युत कंपनी की सुस्त कार्यशैली के कारण 24 घण्टे से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सेवायें ठप रही। विद्युत वितरण केंद्र के पास संसाधन और स्टाफ की बिडम्बना का रोना बना हुआ हैं। शनिवार को मालथौन वितरण केंद्र अंतर्गत ग्रामीण इलाके के प्रभावित अण्डेला, बेसरा, सीपुर, भटनोरा, पडरिया, गुसाई बरोदिया, भेलैया, कुंवरपुरा, सीपुरखुर्द, सीपुरखास, धोराई खास, माहुल, वनखिरिया, मांदरी, नौठा आदि शनिवार दोपहर से लगातार विद्युत सेवायें ठप है। रविवार शाम तक उक्त गांवों में विद्युत सेवायें ठप रही। नौठा निवासी मूरत ने बताया शनिवार को चली आंधी में पेड़ों की डाल टूटकर विद्युत लाइन पर गई गई जिस कारण गांव की लाइट गायब हो गई। अंकित बेसरा ने बताया कि कल से लाइट नहीं हैं इन दिनों की लाइट बड़ी समस्या चल रही है।

## तेज आधी तूफान से कई घरों के टीन टप्पर उड़े, पेड़ गिरे



**मालथौन, देशबन्धु।** शनिवार को कई घरों से सीमेंट की चद्दर टूट कर उड़ गई और तेज हवा से सड़क के किनारे लगे पेड़ रोड पर आ गये जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत रही और अंडेला में पेड़ गिरने से लाइट के पोल टूट गये, केबिल टूट कर नीचे गिर गई जिससे लोगों को रात भर और रविवार की शाम तक बिजली आने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों द्वारा बताया जा रहा हे कि गांव के कुआं में पानी नहीं बचा है बोर से हम लोग पानी भरते हे बिना बिजली के बोर कैसे चलेंगे लोगों द्वारा बताया गया है कि अगर जल्द से जल्द बिजली नहीं सुधरी तो हम लोगों पानी की बड़ी दिक्कत हो जायेगी। पडरिया गांव के संजू राजा ने बताया हमारे यहां गांव के बहुत घर पर पेड़ गिर गये ओर बहुत घरों में तेज आधी तूफान से चद्दर उड़ गये है। जिससे हम लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और हमारे यहां शनिवार की शाम से बिजली नहीं है। जिससे हमें उमस भरी गर्मी में न तो पंखा चल रहा ना ही बोर चल रहे हैं। वही लोगो ने आंधी तूफान से हुये नुकसान की शासन से भरपाई की मांग की है।

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, नहीं हो पाई पहचान

**गौरझामर, देशबन्धु।** गौरझामर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हनी में शनिवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 65 साल बैहा बाबा की पुलिया पर मृत शव मिला है। यह व्यक्ति दो-तीन दिन से ग्राम पटना, बम्हनी में लावारिस हालत में घूम रहा था। अज्ञात व्यक्ति नीले रंग की कमीज एवं जींस पैंट पहने हैं। शव की सूचना मिलते ही गौरझामर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्ती कार्यवाही के लिये मोर्चरी हाउस देवरी में रखा गया है।

## गैलीलियो: वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व का खोजी कुत्ता


**सागर, देशबन्धु।** मप्र के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व नौरादेही टाइगर रिजर्व पर शिकारियों और तस्करों की हमेशा निगाह बनी रहती है। 3 जिलों में फैले टाइगर रिजर्व की सुरक्षा के लिये वैसे तो कर्मचारियों अधिकारियों का बहुत बड़ा अमला है, लेकिन इन शिकारियों और तस्करों को सबसे ज्यादा डर गैलीलियो के नाम से लगता है। गैलीलियो, वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व का खोजी कुत्ता है, जो 2020 से रखवाली की जिम्मेदारी संभाल रहा है। अब तक शिकार और तस्करी से जुड़े 51 केस हल कर चुका है। गैलीलियो, बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल का स्निफर डॉग है।

इस नस्ल की उत्पत्ति बेल्जियम में हुई है। इस नस्ल की खास पहचान ये है कि ये डॉग होशियार होने के साथ काफी उर्जावान होते हैं और इंसानों से इनका जुड़ाव शानदार होता है। करीब 2 फीट ऊंचाई वाले ये कुत्ते मजबूत और मांसल देह वाले होते हैं, इसको आसानी से प्रशिक्षित किया जा सकता है। इनका प्रयोग सेना, पुलिस और अब वन विभाग में बड़े पैमाने पर हो रहा है। गैलीलियो का जन्म 17 मार्च 2017 में हुआ था। पहले इसकी तैनाती मुरैना के चंबल घड़ियाल सेंचुरी में थी, 2020 में इसकी तैनाती नौरादेही में की गयी थी। गैलीलियो अब तक 51 वन्य अपराध से जुड़े प्रकरणों को सुलझा चुका है और इसकी वजह से अब तक 91 वन्य अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचे हैं। इसके प्रशिक्षक प्रीतम अहिरवार बताते हैं कि ये काफी चुस्त, फुर्तीले और सक्रिय होते हैं, पलक झपकते ही अपने लक्ष्य पर पहुंच जाते हैं। नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी बताते हैं कि कि हमारा डॉग स्क्वाड गैलिलियो काफी एक्टिव है और हमारे ट्रेनर भी उसके साथ काफी मेहनत करते हैं। हम लोगों ने टाइगर रिजर्व की सुरक्षा के लिये एक रोस्टर तैयार किया है, उसके तहत अलग-अलग डिवीजन में गैलीलियो की गश्त कराते है। कभी-कभी शिकारी जंगली सुअर या हिरण का शिकार करने के लिये फंदे लगाते हैं,



वहां गैलीलियो को भेजा जाता है टाइगर रिजर्व में जो संवेदनशील जगहें हैं, अक्सर वहां पर गैलीलियो की गश्त कराई जाती है। उसने एक तेंदुए और एक भालू के शिकार का खुलासा करवाया था। इसके साथ ही दमोह में काले हिरण का शिकार किया गया था। गैलीलियो ने उसका भी खुलासा किया था। इस प्रकार के खोजी कुत्तों की ट्रेनिंग काफी महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि इनको प्रशिक्षण के माध्यम से ही ये सब सिखाया जाता है। गैलीलियो की बात करें, तो इसकी सूंघने की क्षमता और ट्रेनर के कमांड पर रिएक्शन करने की पकड़ शानदार है। कुत्ते को रेगुलर एक्सरसाइज कराने के साथ-साथ नियमित रूप से स्मैल की ट्रेनिंग दी जाती है। इसकी सूंघने की क्षमता को और विकसित करने के लिये रोजाना अलग-अलग चीजें सुंघाई जाती हैं। ताकि हर तरह के अपराध की जांच कर सके। वन मुख्यालय भोपाल की विशेषज्ञों की टीम ने गैलिलियों की डाइट तय की है। उसी डाइट के अनुसार प्रदेश के सभी 16 डॉग स्क्वायड की उसी के अनुसार भोजन पानी दिया जाता है। इसकी डाइट पर हर महीने 40-50 हजार रुपये खत्म होते हैं। गैलीलियो स्वस्थ रहे और किसी बीमारी का शिकार न हो, इसके लिये जरूरी है कि वैक्सीनेशन और स्वास्थ्य का भरपूर ध्यान रखा जाये। खासकर यहां तापमान ज्यादा होने के कारण उसके स्वास्थ्य का ध्यान विशेष रूप से रखना पड़ता है। रहने के लिये एक कैनल की व्यवस्था की जाती है, साथ में इसके मूवमेंट के लिए एक वाहन भी होता है।

## हर्षित कुमार शर्मा ने यूपीएससी में 26 वां स्थान प्राप्त किया



**सागर, देशबन्धु।** जिले के हर्षित कुमार शर्मा ने यूपीएससी सीएपीएफ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल 2024 की परीक्षा में पूरे भारत में 26 वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। विशेष बात यह है कि हर्षित ने यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है।

हर्षित इससे पूर्व यूपीएससी एनडीए 2020 की परीक्षा भी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 524 प्राप्त की थी। वहीं इंडियन आर्मी की टीईएस तकनीकी प्रवेश योजना 2020 परीक्षा में भी उन्होंने एआईआर 62 हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। हर्षित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ वे स्कूल में नेतृत्व क्षमता के लिये भी जाने जाते रहे हैं। जब उन्हें स्कूल का हेड बॉय नियुक्त किया गया था, तभी उन्होंने संकल्प लिया था कि वे भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करेंगे और देश सेवा के अपने सपने को साकार करेंगे। हर्षित के पिता दिनेश कुमार शर्मा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता रश्मि शर्मा एक गृहिणी हैं। हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी, परिवार और अपने सभी दोस्तों को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मनोबल बढ़ाया। अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुये हर्षित कहते हैं, तैयारी के दौरान भी जीवन को जियो। खुद को किसी कमरे में बंद करने की जरूरत नहीं है। बस जो भी पढ़ाई करो, उसे पूरी स्थिरता के साथ करो सफलता निश्चित है।

## जालसाज ने व्यापारी के खाते से उड़ाए पौने 4 लाख

**भोपाल, देशबन्धु।** एक शातिर जालसाज ने व्यापारी के फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से चेकबुक हासिल कर ली। उसके बाद आरटीजीएस के माध्यम से ज्वैलर्स के खातों में 3 लाख 81 हजार रुपये भेजकर सोने के सिक्के खरीद लिए। वारदात के लिए जालसाज ने व्यापारी की वह सिम ब्लाक करवा दी थी, जिसके नंबर उसके बैंक खाते से संबद्ध था। शिकायत के आधार पर गौतम नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गौतम नगर थाना पुलिस ने बताया कि 73, चौकसे नगर निवासी कुलदीप परवानी की गौरव इंटप्राइजेज के नाम से फर्म है। उनका जेपी नगर स्थित यूनियन बैंक में खाता है। कुलदीप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि मार्च माह में किसी ने उसके खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 3 लाख 81 हजार 813 रुपये निकाल लिए हैं। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि किसी ने मेरे नाम से चेकबुक जारी करवाने के बाद रुपये निकाले। हालांकि बैंक प्रबंधन ने उस समय फोन कर चेकबुक जारी करने की सूचना देने का प्रयास किया था, लेकिन उस समय सिम ब्लाक हो जाने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका। मामले की जांच में पता चला कि कुलदीप के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से राशि ज्वैलर्स के खातों में पहुंचाइ गई। वहां से किसी ने सोने के सिक्के खरीदे हैं। पुलिस ने बताया कि हाल ही कोहेफिजा पुलिस ने इसी तर्ज पर ठगी करने के आरोप में दाता कालोनी निवासी अंशुल आयलानी को गिरफ्तार किया है। अंशुल से इस मामले में पूछताछ की जाएगी।


**CHANGE OF DOB**

I , ARTI DEVI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO - JC 572357P RANK SUB NAME RAKESH KUMAR SAVITA SERVING IN DIF & EMP COY 36 RAPID (S) C/O 56 APO PIN - 908436 HOME ADDRESS AT 1 , TEEHAR , RAMPURA , RAMPURA , JALAUN , UTTAR PRADESH, 285127 HAVE CHANGED MY DOB FROM 04/05/1983 TO 01/01/1989 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , SHALL KUMARI IS MOTHER OF ARMY NO - 15342273P RANK HAV NAME JITENDRA PAL SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - BETARI , PO - BHABUA , P.S - BHABUA, DIST - KAIMUR , STATE - BIHAR , PIN - 821101 HAVE CHANGED MY NAME FROM SHALL KUMARI DEVI TO SHAIL KUMARI DEVI AND CHANGED MY DOB FROM 03/02/1956 TO 01/01/1970 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 BEFORE EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , ARMY NO - 15342273P RANK HAV NAME JITENDRA PAL SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - BETARI , PO - BHABUA , P.S - BHABUA, DIST - KAIMUR , STATE - BIHAR , PIN - 821101 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM KUMARI KHUSHI PAL TO KHUSHI KUMARI AND CHANGED HER DOB FROM 18/08/2010 TO 01/10/2010 AND CHANGED MY SECOND DAUGHTER NAME FROM KUMARI RUBI PAL TO RUBI KUMARI AND CHANGED HER DOB FROM 18/08/2010 TO 01/10/2010 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


## इंनोवाटेक्स बना मध्य भारत का सबसे बड़ा नवाचारों का मंच

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में नवाचारों की लहर उस वक्त देखने को मिली जब एलएनसीटी ग्रुप द्वारा आयोजित इंनोवाटेक्स 2025 ने युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मध्य भारत में नवाचारों की संस्कृति की दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। रायसेन रोड पर एलएनसीटी कॉलेज के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में आयोजित इस इवेंट में 100 से अधिक नवाचारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें नवाचार, तकनीक और आत्मनिर्भरता की गूंज साफ सुनाई दी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें खादी इंडिया लाउंज, एमएसएमई मंत्रालय से संजीव राणा, इन्फ्लुएंसर हर्षवर्धन शर्मा, विंसिबले की को-फाउंडर दामिनी त्रिपाठी और एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे जैसे वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन का सबसे चर्चित पल मेइती जेनेसिस योजना के तहत दो नवाचारों को 10 लाख की प्रोत्साहन राशि का सम्मान रहा। पहला नवाचार एसनराई , जो एजेंटिक एआई आधारित वर्कप्लेस ऑटोमेशन पर काम कर रहा है, और दूसरा किसान वन, जो किसानों के लिए एक समर्पित एग्रीटेक प्लेटफॉर्म है। इन दोनों नवाचारों को नवाचारी जगत में आगे बढ़ाने के लिए मंच से सम्मानपूर्वक चेक प्रदान किए गए, जो युवा नवाचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।


**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./901/ 2025 पन्ना, दिनांक- 16.05.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-अभिलास सिगरोल उम्र 26 वर्ष पुत्र श्री भोलाप्रसाद सिगरोल निवासी-ग्राम उमरी पोस्ट दिया, तहसील पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

रेखा देवी (विधवा) उम्र 21 वर्ष पति स्व. श्री कैलशचन्द्र सिगरोल निवासी-ग्राम उमरी पोस्ट दिया तहसील पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 15 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-16.जून .2025

**( नीलाम्बर मिश्र )**

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**


# बैरसिया में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा,1 लाख की दवाइयां जब्त



**भोपाल/ बैरसिया, देशबन्धु।** जिले में अवैध रूप से संचालित दवा दुकानों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में औषधि निरीक्षकों की टीम ने शनिवार को बैरसिया की कबाड़ गली में स्थित एक अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। यहां से लगभग 1 लाख रुपए की दवाएं जब्त की गई हैं।

जानकारी के अनुसार, औषधि विभाग को लंबे समय से कबाड़ गली, बैरसिया में एक अवैध दवा दुकान के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, औषधि निरीक्षकों की एक टीम ने वासुदेव मंडल नामक व्यक्ति द्वारा संचालित इस दवा दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने दुकान से 52 अलग-अलग प्रकार की दवाएं जब्त कीं, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। ये दवाएं बिना किसी वैध लाइसेंस या उचित कागजात के बेची जा रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई दवाओं के संबंध में और जांच की जा रही है। इस मामले में दवा दुकान संचालक वासुदेव मंडल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रकरण दायर किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि अवैध दवा कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हीरापुर में 2 अलग-अलग एक्सीडेंट में 3 की मौत

**शाहगढ़, देशबन्धु।** हीरापुर में हाइवे स्थित छतरपुर मार्ग शनिवार की शाम और रविवार की सुबह हुये दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए जिसमें चाचा भतीजे सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो लोग की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार शनिवार की शाम हुये बाईक ट्रक की टक्कर में तिगोड़ा निवासी चाचा भतीजे दोनों की मौत हो गई, तिगोड़ा के 32 वर्षीय राममिलन खरे अपने भतीजे 12 वर्षीय उमाशंकर खरे बड़ामलहरा से अपने धर तिगोड़ा लौट रहे थे तभी हीरापुर की घाटी के मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में दोनों की मौत हो गई, पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। दूसरा सड़क हादसा रविवार की सुबह दस बजे उसी मोड़ पर हुआ दलपतपुर से बड़ा मलहरा जा रही बाईक को अज्ञात वाहन टक्कर देकर भाग लिया, हादसे में दलपत पुर निवासी रमेश लोधी की मौत हो गई। वही परम लोधी और निब्बू रजक निवासी दलपतपुर की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया।


**कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक/00013/82/24-25/भू-अर्जन/25/4569 सागर, दिनाँक 23.05.2025

(देखे धारा 7(6) एवं 8(3))

**सूचना**

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण सागर संभाग सागर के प्रस्ताव अनुसार सागर जिले के बीना-आगासौद मार्ग के कि.मी. 3/2 में समपार क्रमांक-309 (सी) (बीना-झांसी ट्रेक) एवं समपार क्रमांक-003/Spl स्पेशल (बीना-गुना-ट्रेक) (डबल लॉक गेट) पर आर.ओ.बी. निर्माण कार्य' हेतु समुचित सरकार मौजा इटावा पटवारी हल्का नंबर 51 तहसील बीना जिला सागर की भूमि खसरा नंबर 16/1, 16/2, 17/2 में से कुल रकवा 0.3825 है. अर्जन करना चाहती है। समुचित सरकार द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 7 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन कराये जाने हेतु स्वतंत्र बहु-शाखीय विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था जिसके द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट के मूल्यांकन उपरांत प्रस्तुत सिफारिशें (रिपोर्ट) अधिनियम की धारा 7(6) के तहत इस सूचना के साथ संलग्न कर प्रकाशित की जा रही है।

अधिनियम की धारा 8 (3) के तहत समुचित सरकार का यह विनिश्चय भी प्रकाशित किया जाता है कि प्रकरण में सामाजिक समाघात निर्धारण दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं विशेष समूह द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्ट के परीक्षण उपरांत यह स्पष्ट है कि अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि के अर्जन से न्यूनतम विस्थापन, अवसंरचना, पारिस्थितिकी में न्यूनतम छेड़छाड़ और प्रभावित व्यष्टियों पर न्यूनतम प्रतिकूल समाघात सुनिश्चित होता है।

**( संदीप जी.आर. )**

**कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उपसचिव सागर**

**मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

जी -14357/25

## सार समाचार

### 3 हजार के ईनामी को पुलिस ने दबोचा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बड़ागांव थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में पिछले 6 सालों से फरार चल रहे 3000 रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। बड़ागांव पुलिस ने बताया है कि थाना बड़ागांव क्षेत्र के अंतर्गत पाक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट में पिछले 6 वर्ष से फरार चल रहे 3000 रूपए के इनामी आरोपी राकेश कुशवाहा को तलाश किया, जो ग्राम डूडा स्कूल के पास मिला। पुलिस टीम ने घेरा बंदी कर पकडकर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह वर्मा व पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वन विभाग ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

# मकानों को किया जमींदोज, 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कराया मुक्त

**पौधारोपण के लिए किया सुरक्षित**







**टीकमगढ़,देशबंधु।** जिले के जतारा रेंज अंतर्गत वन अमले के द्वारा पुलिस और प्रशासन के सहयोग से करमोरा परिक्षेत्र सहायक वृत की बीट मगरई नंबर 1 के वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए पुराने अतिक्रमण के विरुद्ध रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा टीम बनाकर एवं उप वनमंडल अधिकारी मनीषा बघाड़े के साथ मौके पर रहकर वनक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण बेदखली की बड़ी कार्यवाही की गई। वन अमले ने तीन से चार जेसीबी मशीन और चार से पांच ट्रैक्टर लगाकर 50 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने बताया है कि यहां की वन भूमि पर कई सालों से अतिक्रमण था। बरसात होने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा हर साल की तरह इस बार भी जुताई करके फसल बोने की योजना बनाई थी। जिसको दल बल के साथ नष्ट करके गहरी खाई और बड़े गड्ढे खोदकर चारों तरफ से ट्रेंच खोदकर उस पर कटीली झंडियों का बीज बोकर बेदखल किया गया है। साथ ही अतिक्रमण से मुक्त कराए गए वन क्षेत्र को वर्षा ऋतु में पौधा रोपण किए जाने के लिए सुरक्षित किया गया है।

उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही के दौरान वर्षो से वनक्षेत्र के अन्दर बने पक्के एवं कच्चे मकानों को जेसीबी की सहायता से जमींदोज किया गया। साथ ही कुछ मकान धारकों को दो दिन के अन्दर स्वयं से खाली कर ध्वस्त करने की सहमति मगरई गांव के अतिक्रमणकारियों के द्वारा दी गई। वन सीमा को स्पष्ट करते हुए 2500 मीटर से अधिक की सीपीटी खाई खोदी जाकर वन सीमा निर्धारित की गई। उक्त अतिक्रमण के लिए विधानसभा प्रश्न और आश्वासन भी लगा हुआ था, जिसके परिपालन में बेदखली करके विधानसभा प्रश्न और आश्वासन की पूर्ति अतिक्रमण हटाकर की गई। खबर लिखे जाने तक कार्यवाही जारी है, जिसको लगातार चार से पांच दिन तक जारी रखा जाना बताया गया है।

उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही वन संरक्षक वन वृत छतरपुर और वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देश के अनुक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में की गई जिसमे वन विभाग जतारा का संपूर्ण वन अमला एवं खरगापुर पुलिस प्रशासन का महिला एवं पुरुष बल शामिल रहा।

### 8 माह से ट्रांसफार्मर खराब, शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया

# भीषण गर्मी में परेशान हो रहे ग्रामवासी



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** बिजली वितरण केंद्र दिगौड़ा व उपकेंद्र बम्होरी खास के अंतर्गत आने वाले ग्राम रतनगुवां में पिछले 8 माह से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब है। ग्रामवासियों ने इसकी सूचना संबंधित कार्यालय व संबंधित अधिकारियों को दी गई, लेकिन आज दिनांक तक गांव में खराब ट्रांसफार्मर को जिम्मेदारों द्वारा नही बदलवाया गया है। इतनी भीषण गर्मी में बिना बिजली के ग्रामवासियों का बहुत बुरा हाल हो रहा है। बुजुर्ग व बच्चे बीमार हो रहे हैं, गांव में बिजली न होने से पानी सहित कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। ग्रामवासियों ने शासन, प्रशासन व बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से गांव में नया ट्रांसफार्मर जल्द रखवाने की मांग की है।

ग्राम रतनगुवां खास के निवासी तुलसीदास यादव, भान सिंह ठाकुर, जयपाल सिंह, भइयन यादव, राकेश यादव, नारायण यादव, जाहर सिंह, मंगल सिंह, जगदीश यादव, सरमन यादव, बल्लू यादव, राजपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया है कि रतनगुवां गांव में पिछले 8 महीने से जयपाल सिंह के मकान के पास रखा बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। गांव के लगभग सभी बिजली कनेक्सन धारियों के बिजली बिल भी जमा है, लेकिन आज दिनांक तक गांव में खराब ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवाया गया है। इतनी भीषण गर्मी में बच्चों बुजुर्गों महिलाओं सहित सभी का बुरा हाल है। गांव में बिजली की इस समस्या से कई तरह की समस्याएं हो रहीं हैं। लोगों ने शासन प्रशासन व बिजली अधिकारियों से मांग की है कि गांव में खराब ट्रांसफार्मर को जल्द बदल दिया जाए, जिससे लोगों को परेशानी न हो।

### हनुमान मंदिर बचा

# बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत, आंधी-तूफान में 2 सौ साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले में शनिवार शाम को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शाम करीब 6 बजे आंधी-तूफान के दौरान हुआ। मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में 40 साल की विमला केवट खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं।

दूसरी घटना मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के मस्तापुर गांव में हुई। यहां 42 साल के बहादुर लोधी भी खेत में काम कर रहे थे। वे भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। दोनों घायलों को रात करीब 7-30 बजे जिला अस्पताल लाया गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि सुबह दोनों का पीएम होगा। इसके बाद मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

**नगर परिषद लिधौरा में बरगद का पेड़ गिरा**

नगर परिषद लिधौरा में शनिवार शाम को आंधी-तूफान का कहर देखने को मिला। वार्ड नंबर 7 स्थित बगिया के हनुमान मंदिर के पास खड़ा 200 वर्ष पुराना बरगद का पेड़ तूफान की चपेट में आकर गिर गया। पेड़ की शाखाएं चारों तरफ बिखर गईं। लेकिन करीब 100 वर्ष पुराना हनुमान मंदिर सुरक्षित रहा। स्थानीय निवासी रघुवीर सहाय पस्तोर ने बताया कि नगर के पूर्वजों ने इसी बरगद के नीचे मंदिर का निर्माण करवाया था।

मंदिर के पुजारी रवि पाठक ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही भिक्षाटन करने वाले लोग बारिश के कारण वहां से चले गए थे। आमतौर पर पेड़ के नीचे पशु भी विश्राम करते हैं, लेकिन हादसे के समय वहां कोई नहीं था। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को शाम के समय गांव के श्रद्धालु मंदिर में भक्तमाल का पाठ करने आते हैं। घटना के दिन बारिश के कारण श्रद्धालु भी नहीं पहुंचे थे। कुछ वर्ष पूर्व इसी स्थान पर मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की सात दिवसीय कथा का आयोजन हुआ था।

### फरार चल रहे 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2024 के मामलों में फरार चल रहे तीन गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया है।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट के दो मामलों में फरार चल रहे आरोपियों के विरुद्ध जिला न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जारी वारंट को लेकर दिगौड़ा पुलिस ने 2024 के मारपीट के मामले में फरार वारंटी मनोहर अहिरवार व महेन्द्र अहिरवार निवासी दिगौड़ा को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस टीम ने 2024 के मारपीट के एक मामले में फरार वारंटी रामस्वरूप पाल निवासी बर्माडांग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को जिला न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी संदीप सोनी, प्रधान आरक्षक भारत सिंह मरावी, अभय वर्मा, अजय शुक्ला की मुख्य भूमिका रही।

# करंट की चपेट में आने से 2 गायों की मौत



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले की विधानसभा जतारा अंतर्गत बम्हौरीकलां में बीते 15 दिनों से लाइट गुमशुदा बनी हुई है। लोगों का कहना है दस मिनट के लिए लाइट आती है उसके बाद दिन रात गायब बनी रहती है।

ऐसा ही कुछ शनिवार को हुआ जब शाम करीब 5 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुई इससे कई जगह खंभे उखड़े तो कई जगह पेड़ इसके साथ ही कई जगह बिजली पोल के साथ तार भी टूटकर खेतों में गिर गए। इससे साफ पता चलता है कि विद्युत विभाग कितना लापरवाह बना हुआ है , जब मेंटिनेंस का कार्य करना चाहिए तब कर्मचारी कंदमूल फल खाने में व्यस्त होते है।

आपको बता दें 14 ओर 15 मई की दरमियानी रात में बम्हौरीकलां से पहाड़ी बुजुर्ग के रास्ते में पड़ने बाला पप्पू बेना के खेत के पास बिजली तार टूटे डले थे। जहां पर आवारा मवेशी बैठते है, तारों में करंट आने से दो मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। गनीमत रही वहां सिर्फ 2 ही मवेशी थे और किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है।

लेकिन बड़ा सवाल ये है आखिर बिजली विभाग समय रहते क्यों नहीं चेत रहा, अगर विभाग ऐसे ही खामोश बना रहा तो वह दिन दूर नहीं जब कोई बड़ी घटना घटित होगी।

# सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों में, कचरा प्रबंधन फोटो खिंचवाने तक सीमित



**इनका कहना है**

नगर पालिका के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक एवं सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि डस्टबिन का उपयोग शहर एवं वार्ड की संकरी गलियों को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में मदद करता है डस्टबिन के उपयोग बीमारियों को फैलने से रोकता है,यह शहर को सुंदर और आकर्षक बनाता है,यह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करता है,यह लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करता है इसलिए कार्यक्रम में सहयोग करें। उन्होंने अपील की है कि अपने घर और दुकान का कचरा डस्टबिन में डालें, और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कचरा डस्टबिन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कार्यक्रम के तहत, नगर पालिका शहर के विभिन्न हिस्सों में एक ही स्थान पर डस्टबिन रखकर एवं कचरा प्रबंधन कर लोगों को जागरूक न कर सिर्फ फोटो निकलवाने का काम कर रही है जबकि आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि लोग अपने घरों और दुकानों का कचरा इन डस्टबिन में डालें। इससे सड़कों पर कचरा फैलने से रोका जा सकता है और शहर को साफ-सुथरा रखने में मदद मिल सकती है।

**बड़े डस्टबिन को रखना -**

नगर पालिका शहर के विभिन्न हिस्सों, जैसे कि बाजार, चौराहों, और सार्वजनिक स्थानों पर जहां कचरा फेंका जाता है डस्टबिन स्थापित करती है। लेकिन शहर में कई स्थान ऐसे हैं जो डस्टबिन से महरूम हैं यहां खुले में कचरा फेंकने से गन्दगी और बीमारियां जन्म ले रही हैं।

**सफाई अभियान-**

नगर पालिका नियमित रूप से सुबह से शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई हवलदार की निगरानी में सफाई अभियान चलाती है, जिसमें सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से कचरा हटाया जाता है।

**जुर्माना** - यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

यहां खास बात ये है कि नगर पालिका के वार्ड पार्षद हबीब राईन ने कचरा प्रबंधन जागरूकता पर सवाल उठाए हैं उन्होंने कहा है नगर पालिका सिर्फ कागजों पर काम कर रही है वार्डवासी परेशान हैं, सफाईकर्मी दस के बाद दिखाई नहीं देते, नालियां,नाला चौक है बरसात आने वाली है घरों में पानी जायेगा ,उस समय के हालात बदतर होते हैं । हमारे वार्ड में मंदिर के पीछे और मस्जिद के सामने रोड पर कचराघर बना है गौधन पालिथिन खा जाती है इससे न सिर्फ राहगीर परेशान हैं बल्कि वार्डवासी गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर हैं।

### सीजीएसटी कार्यालय का नया भवन शुरू कमिश्नर बोले-

# व्यापारियों के लिए है विभाग, समस्याएं जल्द हल होंगी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार को केंद्रीय जीएसटी कार्यालय के नया भवन उद्घाटन हुआ। यह कार्यालय पुलिस लाइन के सामने है। सीजीएसटी कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे ने इसका उद्घाटन किया। दरअसल, पहले सीजीएसटी कार्यालय कटरा बाजार की एक सकरी गली में था। इससे व्यापारियों और कर सलाहकारों को वहां पहुंचने में परेशानी होती थी। नया कार्यालय शहर के बीच में होने से सभी को सुविधा होगी। कमिश्नर ने बताया कि में हमेशा व्यापारियों के हित में काम करता हू विभाग का उद्घाटन के मौके पर कमिश्नर लिल्हारे ने कर सलाहकारों, सीए और टैक्स एडवोकेट्स से मुलाकात की। उन्होंने जीएसटी क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समस्या होने पर वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। विभाग हमेशा व्यापारियों के हित में काम करता है।

कार्यक्रम में सागर संभाग के सहायक आयुक्त महेश चंद्र मीणा, टीकमगढ़ के सीजीएसटी सुपरिटेंडेंट तरुण वैद्य, इंस्पेक्टर स्वप्निल तिवारी और हिमांशु सोनी मौजूद थे। कर सलाहकारों में हर्षेश सोनी, आशीष जैन, अनिल जैन, देवेंद्र साहू, रामजी नायक और अतुल शर्मा शामिल रहे।

### सीएमओ को उंगली दिखाते हुए पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार का वीडियो वायरल

# नगर परिषद में भर्राशाही: चुनाव जीतीं महिलाएं, सरकार चला रहे पुरुष



**पलेरा, देशबन्धु।** नगरीय निकाय के चुनाव में जनता ने भले ही महिलाओं को चुनकर भेजा हो लेकिन नगर परिषद की सरकारी बैठकों में उनके हक पर डाका पुरुष परिजन डालने में लगे हैं। नगर के विकास और तमाम महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनी गईं महिलाओं के पति एवं पुत्र भी सरकारी बैठकों में न केवल हिस्सा ले रहे हैं बल्कि अफसरों को निर्देश भी दे रहे हैं।नियमानुसार चुने हुए जनप्रतिनिधि ही बैठकों में शामिल हो सकते हैं। अन्य व्यक्ति को संवैधानिक रूप से विभागीय बैठकों में बैठने का अधिकार नहीं है। निकाय की व्यवस्था विधानसभा और लोकसभा की तर्ज पर ही चलती है।

लेकिन पलेरा नगर परिषद में महिला पार्षद पद को लेकर न केवल उनका हक छीना जा रहा है, बल्कि प्रतिनिधि के रूप में शासकीय बैठकों में शामिल होकर शासन के नियम कायदों की धज्जियां उड़ाकर सीएमओ को निर्देश तक दे रहे हैं। नगर परिषद की शासकीय बैठक में पार्षद की जगह उनके प्रतिनिधि न केवल महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो रहे हैं, बल्कि सीएमओ को उंगली दिखाते हुए निर्देश भी दे रहे हैं।

मजे की बात तो यह है कि कानून व्यवस्था को मजाक बनाते हुए ऐसे वीडियो बनाकर खुद पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार ही सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। आलम यह है कि वार्ड की जनता से लेकर नगर परिषद के कर्मचारी तक के पास महिला पार्षद के नंबर ही नहीं है। लोगों को वार्ड से जुड़ी समस्या के लिए पार्षद पति या पुत्र से ही संपर्क करना पड़ता है। जबकि राजनीति में महिलाओं की सहभागिता बड़े, इसके लिए बकायदा कानून बनाया गया है। नगर परिषद में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित कर दी गई है। लेकिन सरकार महिलाओं को उनके अधिकार देने के दावे चाहे कितने भी करे लेकिन, जमीनी हकीकत पलेरा नगर में कुछ और ही है।

# पुलिस अधिकारियों ने देर रात थानों का किया औचक निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के पालन में शनिवार 14 जून की देर रात को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने टीकमगढ़ जिले के थाना बड़ागांव एवं चौकी खिरिया का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किया। इसके साथ ही थाने में हिस्ट्री सीट, सीसीटीएनएस प्रणाली, माइक्रोबीट प्रणाली की समीक्षा की।

निरीक्षण उपरांत सामने आई कमियों को सुधारने हेतु संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थित पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया गया।

इसी प्रकार दिनांक 14 जून की रात में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम द्वारा थाना बलदेवगढ़ एवं बुडेरा थाने का, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम द्वारा थाना मोहनगढ़ व दिगोड़ा का एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे द्वारा थाना खरगापुर एवं कुड़ीला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, बंदी गृह, जरायम, रिकॉर्ड रजिस्टर एवं थाने की व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य निरीक्षण किए गये, एवं सुधार हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

### 8 साल बाद हो रहे चुनाव, 1709 मतदाता करेंगे 42 उम्मीदवारों का भविष्य तय

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में आज सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। इस चुनाव में कुल 1709 पंजीकृत मतदाता अपना मत डालेंगे। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। पहली बार मंदिर ट्रस्ट चुनाव में पहचान पत्र की अनिवार्यता की गई है। मतदाताओं को वोटर आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक दिखाना होगा। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 6, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 3, उपाध्यक्ष के लिए 3, सचिव के लिए 4, कोषाध्यक्ष के लिए 3, सह-सचिव के लिए 4, अंकेक्षक पद के लिए 2 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मतदान के लिए मंदिर के अभिषेक भवन में दो बूथ बनाए गए हैं। पहले बूथ पर 1 से 900 तक के मतदाता वोट डालेंगे। दूसरे बूथ पर 901 से 1709 तक के मतदाता मतदान करेंगे। सभी 42 उम्मीदवारों का एक-एक एजेंट दोनों बूथों के बीच बैठकर मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करेगा। मतगणना 16 जून सोमवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसके बाद मंदिर को नया अध्यक्ष मिलेगा। उल्लेखनीय है कि यह चुनाव 8 साल के अंतराल के बाद हो रहा है।

## सार समाचार

### पुलिस कर्मी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मेडिकल रेफर



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी को सत्ताईस मील के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी लेने पर पता चला कि भूपेंद्र सिंह लोधी थाने के कार्य से गए थे तभी लौटते समय सामने से आ रहे मोटर साइकिल चालक ने तेज गति से भूपेंद की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिस से भूपेंद्र को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई। भूपेंद्र को लोगो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर आए। जहां डाक्टरों ने भूपेंद्र का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर जबलपुर मेडिकल रेफर कर दिया। भूपेंद्र के मेडिकल रेफर होने पर तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर अपने वाहन से तत्काल जबलपुर मेडिकल गए है।

दमोह पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोश

# पीड़ित को न्याय दिलाने थाने का किया घेराव

**दमोह देशबन्धु।** जिले के रनेह क्षेत्र अंतर्गत विगत 9 जून को वायरल वीडियो पर पीड़ित द्वारा न्याय मांगने पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा उसके ऊपर ही विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण कायम करने पर समाज के लोगों का धैर्य आखिर टूट गया और पीड़ित महेंद्र सिंह लोधी को न्याय दिलाने समस्त ओबीसी महासभा के साथ सर्व समाज के लोग स्कूल मैदान में एकत्र हुए और रैली निकालकर रनेह थाने का घेराव किया गया। घंटों चले विरोध प्रदर्शन में पुलिस थाना परिसर में लोधी समाज के बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही और थाना ठप्प रहा। इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन की राजनैतिक प्रभाव में कार्यप्रणाली पर माइक से लोगों द्वारा प्रश्नचिन्ह लगाये गये, पुलिस प्रशासन और हटा विधायक के खिलाफनारे लगाये



गये एवं आरोपी स्टाफ नर्स को तत्काल सस्पेंड करने की मांग की गयी।

इस दौरान मौके पर प्रशासन की ओर से एडीएम मीना मसराम, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, भाजपा नेता प्रीतम सिंह लोधी, हटा अनुविभागीय दंडाधिकारी राकेश सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल सहित जिले भर से पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

#### मामला यह है

दरअसल मामला यह है कि रनेह उपस्वास्थ्य केंद्र में बीते दिनों पन्ना जिले के ग्राम टपरियां निवासी महेंद्र लोधी अपनी गर्भवती पत्नी का इलाज कराने पहुंचे थे। शाम को घर वापसी की जल्दबाजी में तुरंत इलाज से मना करने और अगले दिन आने का कहने वाली स्टाफ नर्स नीलिमा यादव के व्यवहार पर महेंद्र लोधी द्वारा शिकायत करने का कहते हुए चले जाने के वाद नर्स नीलिमा यादव ने वाद में घर वापस लौट रहे महेंद्र लोधी की वस रूकवाकर सरेआम ना केवल जातिगत गालियां दीं बल्कि सार्वजनिक रूप से लात चप्पलों से पीटते हुए अपमानित किया जिसका वीडियो भी सोसल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहे पीड़ित और आरोपी के वावजूद रनेह दमोह पुलिस द्वारा नर्स के कहने पर इस गंभीर मामले में पीड़ित को ही थाने उठाकर ले गई, जहां उसे रातभर हिरासत में रखा और सुवह 151 की धारा लगाते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए तहसीलदार न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया और जब युवक ने एसपी कार्यलय जाकर न्याय मांगने का प्रयास किया तो अगले ही दिन उसी पीड़ित युवक के खिलाफ छेड़छाड़, शासकीय कार्य में बाधा जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर दिया। हालांकि अव मामला तूल पकडने पर पुलिस प्रशासन आनन-फानन मामला निपटाने में लग गया है।

**प्रशासन का कहना है**

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल जिसमें एक युवती एक युवक को बस में मारते पीटते एवं अपशब्द बोलते नजर आ रही है। इस मामले में थाना रनेह में युवती नीलिमा यादव (स्टाफनर्स) के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना रनेह अंतर्गत नर्स-मरीज़ विवाद घटना में आक्षेपित दो पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर संबंधित पुलिस कर्मियों पर लगाए गए आरोप की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा की जा रही है ।साथ ही संबंधित नर्स पर भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच बैठाई गई है। जिसको दोषी पाए जाने पर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही संबंधित विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

### जंगल में अवैध कटाई जारी



**दमोह/ तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र झालोन में अवैध रूप से इमरती लकड़ी सागौन के साथ अवैध रूप से पत्थर, मुरम, उत्खनन जारी है कभी कभार लकड़ी वन विभाग पकड़ता है तो आदि अधूरी लकड़ी जप्त कर बाकी लकड़ी बेच दी जाती है। इसमें विटगार्ड सहित वन कर्मियों की मिलीभगत की बात ग्रामीण जन बता रहे तीन दिन पहले जो लकड़ी पकड़ी गई उसमें से भी आधी लकड़ी गायब कर दी। मामला वायरल होने पर सिर्फस्कॉर्पियो वाहन में चार सिल्ली लकड़ी जप्त की गई। इसी तरह पूर्व में भी जप्त लकड़ी गायब हो गई । इस संबंध में रेंजर से बात करनी चाही तो थोड़ी देर में बात करते है शाम को लगाया तो मीटिंग में हु की बात की इससे लगता है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी भी वन कर्मी विटगार्ड को संरक्षण दिए हुए है।

## मासिक महाआरती सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** परमपूज्य परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में देश के अनेक प्रांतों, जिलों, तहसीलों में भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा मासिक महाआरती क्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में कृषि उपज मंडी प्रांगण तेंदूखेड़ा में मासिक महाआरती क्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम गुरुवर जी के जयकारे भैया सूर्यप्रताप ने एवं मातारानी के जयकारे बहन संध्या लोधी के द्वारा लगाए गए, शंख ध्वनि के साथ दिव्य मंत्रों, गुरुवर चालीसा, श्री दुर्गा चालीसा पाठ, दिव्य आरती क्रम समर्पण स्तुति के साथ सम्पन्न हुई।

चिंतनो की कड़ी में ब्लॉक संगठन मंत्री लेखराम सेन ने कहा सर्व प्रथम अपने घरों में सुबह शाम नित्य प्रति मां की साधना करे, और इसी साधना के माध्यम से समाज परिवर्तन किया जा सकता है, साधना के तपोबल से लोग नशामुक्त होकर सुख शांति समृद्धि का जीवन जी रहे हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि सिंह ने कहा नशामुक्त जीवन जीते लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है, और कहा कि पानी में डूबे तो मरना निश्चित, ओर भक्ति में डूबते तो भव से पार हो जाना निश्चित,मां की साधना ही सर्वोपरी है,उसी से ही मानवता में परिवर्तन होगा। भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लॉक उपाध्यक्ष रामकुमार परस्ते जी ने कहा आज निश्चित मानिए कि समाज हमें आशा भरी निगाहों से देख रहा है कि संगठन की विचारधारा के माध्यम से ही लोगों ने परिवर्तन आ रहा है। संगठन के जिला प्रभारी बलराम सिंह, संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने कहा कि हम ऐसे अवतारी पुरुष के शिष्य हैं जिन्होंने समाज को परिवर्तन करने का लक्ष्य रखा है।

## ग्राम तुरकाई पिपरिया में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**दमोह देशबन्धु।** बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन के तत्वाधान में एन.के. नेत्र चिकित्सालय द्वारा ग्राम तुरकाई पिपरिया में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 76 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से 23 मरीजों का चयन मोतियाबिंद सर्जरी हेतु किया गया।

शिविर में एन.के. नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ मयंक प्यासी के द्वारा ग्रामीणो की आंखो की जांच की गई। वही डॉ मनीष सराफ, अमित कुर्मी, कुलदीप पटेल, एवं आशीष यादव ने सेवा भाव से सहयोग किया। डॉ मयंक प्यासी ने कहा बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचलों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। संगठन के सहयोग से यह संभव हो पाया है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों को नेत्र संबंधी जानकारी और उपचार का लाभ मिला। इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

जिला अध्यक्ष को लेकर पर्यवेक्षक के समक्ष हुई राय सुमारी

## आधा दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष के लिए की दावेदारी

**पन्ना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक भेज कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के संबंध में राय सुमारी करवाई जा रही है इसी कड़ी में पन्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष तथा ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर स्थानीय सर्किट हाउस में रायशुमारी हुई इस दौरान केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित सुभाष राव जनक उपस्थित रहे तथा उनके सहयोग में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एमपी प्रजापति पूर्व मंत्री सईद अहमद भी मौजूद रहे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं द्वारा बाकायदा फॉर्म भरकर जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष बनने के लिए अपने आवेदन दिए गए वर्तमान समय में



जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवजीत सिंह है जो बेहतर ढंग से संगठन का संचालन कर रहे हैं तथा सभी को लेकर चलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पार्टी द्वारा और बेहतर कार्यकर्ता अध्यक्ष बनाने के संबंध में राय राय सुमारी कराई जा रही जिसका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी के संगठन को बेहतर ढंग से संचालन करना है रायसुमारी के दौरान आधा दर्जन से अधिक नाम सामने आए हैं जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवा जीत सिंह अनीश खान रेहान मोहम्मद श्रीमती रमा बुंदेला दीप चंद्र अग्रवाल मार्तंड देव बुंदेला राकेश गर्ग आनंद शुक्ला आदि ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए देवदारी जताई है।

## प्रदीप मिश्रा के वक्तव्य पर कायस्थ समाज ने जताई नाराजगी



**रायसेन, देशबन्धु।** कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा इस संपूर्ण सृष्टि के कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी के लिए अभ्रद भाषा का प्रयोग किया गया है। जिसे लेकर कायस्थ समाज मे आक्रोश है।रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर में सामूहिक आरती के बाद समाज के लोगों ने पण्डित मिश्रा के वक्तव्य की निंदा करते हुए, उनसे माफी मांगे की मांग की। साथ ही मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया।उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी पंडित मिश्रा कथा के दौरान श्री राधे रानी सरकार के बारे में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी कर चुके हैं। सम्पूर्ण कायस्थ समाज, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा घोर निंदा करता है। समाज के जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सक्सेना ने समाज की ओर से पंडित मिश्रा से सार्वजनिक बयान जारी कर माफी मांगे एवं भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मन्दिर में जाकर दंडवत रूप से अपनी गलती स्वीकारने की मांग की है।

## गर्मी और बारिश के बीच रात में कीड़ों का आतंक, कीटनाशक छिड़काव की दरकार

**सांची, देशबन्धु।** बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में मानसून की हल्की फुहारें ही पड़ी हैं, जो गर्मी से राहत देने की बजाय वातावरण में उमस बढ़ा रही हैं। ऐसे में दिन भर की तपन और रात में कीड़ों ने नगरवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। शाम ढलते ही ये कीड़ों के झुंड के रूप में घरों में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे भोजन करना तक मुश्किल हो जाता है। न सिर्फ इनकी आवाज़ से नींद हराम हो रही है, बल्कि काटने और बच्चों के नाक-कान में घुसने का भय भी लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। कई परिवार छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर रातभर जागते देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नगर पालिका द्वारा



नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाता था, जिससे मच्छर, मक्खी और झींगुरों पर नियंत्रण रहता था, लेकिन अब न गलियों में दवा छिड़काव हो रहा है, न ही गंदगी वाले स्थानों की साफ-सफाई की जा रही है।सूत्रों के अनुसार, कीटनाशक दवाओं की खरीद फरोख्त तो होती होगी, लेकिन उनका प्रयोग ज़मीनी स्तर पर न हो कर कागजों मे ही सिमटकर रह गया। तब नगर प्रशासन की निष्क्रियता और जिला प्रशासन की चुप्पी से नागरिकों में भारी रोष है। राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन आंखें मूंदे हुए है और इसका खामियाजा सीधे तौर पर नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि इससे न केवल आमजन प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि पर्यटक प्रभावित होते है। यह स्थिति नगर की छवि पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। नगरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू किया जाए और झींगुरों के प्रकोप से राहत दिलाई जाए।

## भाजपा के सभी 24 मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में भाजपा मंडल स्तर पर श्विकसित भारत संकल्प कार्यशालाओं के माध्यम से मोदी सरकार के सेवा, समर्पण और सुशासन को समर्पित 11 वर्षीय जनकल्याण के कार्यों को बूथ और पंचायत स्तर तक ले जाने का कार्य प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के पूर्व सभी मंडलों में एक पेड़ माँ के नाम अंतगर्त पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत तेंदूखेड़ा मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, वनवार मंडल में वक्ता के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, अभाना मंडल में संकल्प अभियान के सहप्रभारी देवकीनंदन पटेल, बांदकपुर मंडल में जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, बांसा तारखेड़ा मंडल में जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, पथरिया नगर मंडल में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, पथरिया ग्रामीण मंडल में जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, नरसिंहगढ़ मंडल में महेश पटेल, सदगुंवा मंडल में जिला मीडिया सह प्रभारी महेंद्र जैन, बटियागढ़ मंडल में जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, फ्तेहपुर (अजबधाम) मंडल में जिला मंत्री संजय यादव, जबेरा मंडल में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, नोहटा और सिंग्रामपुर मंडल में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, तारादेही मंडल में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, तेजगढ़ मंडल में जिला मंत्री डॉ उत्तम पटेल, हटा नगर एवं ग्रामीण मंडल में जिला मंत्री गोपाल पटेल, मड़ियादौं मंडल में जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान पटेल, कुम्हारी मंडल में जिला उपाध्यक्ष अरूण तिवारी, पटेरा एवं हिंडोरिया मंडल मनीष सोनी वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहें।

## बिजली गिरने से किशोरी की मौत, भाई घायल

### घर के आंगन में झूला झूल रहे थे दोनों भाई-बहन

**सिलवानी, देशबन्धु।** नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम चौक मंगवा में शाम एक हृदयविदारक हादसा हो गया। आकाशीय बिजली गिरने से 14 वर्षीय किशोरी देवश्री कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई बृजेंद्र कुशवाहा 10 गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालमुकुंद कुशवाहा की पुत्री देवश्री अपने छोटे भाई के साथ घर के आंगन में झूला झूल रही थी।

इसी दौरान अचानक तेज गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों बच्चे आ गए। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो देवश्री अचेत अवस्था में पाई गई, जबकि बृजेंद्र बुरी तरह झुलसा हुआ था। परिजन तत्काल दोनों को निजी वाहन से सिविल



अस्पताल सिलवानी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने देवश्री को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार देवश्री पर बिजली गिरने के स्पष्ट निशान पाए गए। उसके कपड़े पूरी तरह से जल चुके थे।

वहीं, घायल बृजेंद्र का इलाज के लिए रायसेन रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि देवश्री अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी, उसके दो भाई हैं। पुत्री की अकस्मात मृत्यु से पूरा परिवार सदमे में है और गांव में शोक का माहौल छा गया है।

## 31 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं के द्वितीय अवसर परीक्षा कल से

### उत्कृष्ट विद्यालय से बांटी गई सामग्री



**रायसेन, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा 10वीं और 12वीं की द्वितीय अवसर परीक्षा 2025 का आयोजन 17 जून से किया जा रहा है। मुख्य परीक्षा में असफल या गैरहाजिर रहे विद्यार्थियों के लिए है। रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय से परीक्षा की सामग्री का वितरण जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक, सांची ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या मुंद्रा,एडीपीसी मनीराम बागड़ी, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य स्वाति चौहान,की मौजूदगी में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने बताया कि एक या दो से अधिक विषय में फेल हुए विद्यार्थी या अनुपस्थित रहे विद्यार्थी सभी विषयों की परीक्षा दे सकते हैं। आज उत्कृष्ट विद्यालय से परीक्षा की सामग्री का वितरण केंद्र अध्यक्ष को किया गया यह परीक्षा सामग्री जिले के परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में रखी जाएगी। जिले में इस परीक्षा के लिए 31 केंद्र बनाए गए हैं कक्षा दसवीं में कुल सात हजार 559 और 12वीं में 4594 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 तक रहेगा। 8:30 के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 8:50 पर उत्तर पुस्तिकाएं का वितरण किया जाएगा। और 8:55 पर प्रश्न पत्र बांटा जाएगा। कक्षा 10वीं की परीक्षा 17 से 26 जून तक होगी। 12वीं की परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक चलेगी।

## 3 सौ वर्ष प्राचीन बावड़ी को पुनर्जीवित करने लोगों ने किया श्रमदान



दमोह देशबन्धु। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति एवं ग्राम पंचायत पिपरिया तुरकाई द्वारा पथरिया जनपद अंतर्गत ग्राम मड़िया में स्थित लगभग 300 वर्ष पुरानी अति प्राचीन बावड़ी को पुनर्जीवित करने दो दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज दूसरे दिन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम निकेत चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद सीईओ कटारे, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, कृष्णा पटेल सहित ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर बावड़ी को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया। परिषद से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधियों द्वारा भी सहभागिता की गई। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्रमदान में सहभागिता करते हुए कहा कि जन समुदाय का श्रमदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस बावड़ी को अब हम संरक्षित करने का कार्य करेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान की यही मंशा कि अपनी प्राचीन जल संरचनाओं को संरक्षित किया जाए। बावड़ी के संरक्षण और अन्य विषयों के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देशित किया है शीघ्र ही बावड़ी अपने सुंदर रूप में देखने मिलेगी। श्रमदान कार्यक्रम में परिषद से जुड़ी संस्था धरातल जन कल्याण विकास समिति पथरिया , नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कला, बांसातारखेडा नेहरू युवक मंडल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवरान, सारखड़ी, बरधारी, तुरकाई, लुहर्रा की सहभागिता रही। इस दौरान सुशील गुप्ता, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, कपिल पटेल पिपरिया, कृष्णा पटेल, दिलीप कुमार पटेल, घनश्याम पटेल, रामप्रसाद पटैल, जगदीश पटैल, बलराम पटैल, राजेन्द्र पटैल, महेंद्र पटैल, सुरेश पटैल, अभिषेक पटैल, सुनील पटैल, कपिल पटैल, दुर्गेश पटेल, सत्यम पटैल, कार्तिक पटैल, कृष्णा पटेल, हेमराज पटेल, आकाश पटैल, बृजेंद्र पटेल, यशवंत पटेल, चंद्रपाल सिंह परिहार, अमित पटेल, आशीष पटेल, सौरव पटेल, अनिरुद्ध पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# पिकनिक मनाने गये युवक की नदी में डूबने से मौत

## दोस्तों के साथ दाल बाटी पार्टी में गया था, एसडीआरएफ ने सर्चिंग कर निकाला शव



**सागर, देशबन्धु।** खुरई थाना क्षेत्र के पठारी रोड स्थित बीना नदी के दलपतपुर घाट पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक डूब गया। घटना में पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्चिंग कर युवक के शव को नदी से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार खुरई के शिवाजी वार्ड निवासी 23 वर्षीय अंशुल यादव अपने दो दोस्तों के साथ दाल बाटी की पार्टी और नहाने के लिये बीना नदी के दलपतपुर घाट पर गया था। अंशुल के दोनों दोस्त नहाकर नदी से निकल आये और अंशुल नदी से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा था। तभी नदी के बीच में गहराई ज्यादा होने से वह डूब गया। अंशुल को डूबते देख दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिवार वाले और पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग कर युवक के शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम कराया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच में लिया है। जांच अधिकारी कमलेश धुर्वे ने बताया कि दलपतपुर घाट पर नहाते समय नदी में युवक डूबा था। जिसका शव बरामद कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

# मप्र ग्रामीण बैंक बिलहरा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## बैंक मैनेजर की तत्परता से नहीं हुआ कोई नुकसान




**सागर, देशबन्धु।** मप्र ग्रामीण बैंक की बिलहरा शाखा में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही शाखा प्रबंधक राहुल नामदेव तुरंत ही बैंक पहुंचे जहां उन्होंने देखा कि बैंक के विद्युत मीटर में और केबिल में आग लगी हुई है। उन्होंने तुरंत विद्युत मंडल को इसकी सूचना दी सूचना पर विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाकर मीटर तथा जली हुई के बिल्कुल अलग कर समय पर आग पर काबू पा लिया जिससे कोई नुकसान नहीं हो पाया। शाखा प्रबंधक राहुल नामदेव ने बताया कि रविवार को अवकाश होने के कारण बैंक की छुट्टी रहती है इसलिये बैंक में कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। अभी मौसम मे बदलाब के कारण तेज हवा एवं आंधी के कारण बैंक शाखा के विद्युत मीटर में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी जिसकी सूचना पर मैंने तुरंत बैंक जाकर जायजा लिया और विधुत मंडल के कर्मचारियों को सूचना दी उन्होंने आकर आग को बुझाकर लाइन को चालू किया।

# गृह तहसील में वर्षों से पदस्थ 2 पटवारी स्थानांतरण सूची से बाहर



**बण्डा, देशबन्धु।** हाल ही में बण्डा तहसील में पदस्थ पटवारियों के स्थानांतरण कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा आदेश जारी किये गये, जिसमें अधिकांश पटवारियों को उनके गृह तहसील से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। यह कदम प्रशासन द्वारा पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया, जिसकी क्षेत्र में सराहना भी हो रही है। हालांकि इस सूची में वर्षों से गृह तहसील बण्डा में पदस्थ दो पटवारियों के नाम शामिल नहीं होने पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार हल्का राख में पदस्थ पटवारी आनंद जैन एवं हल्का पजनारी में पदस्थ पटवारी अंकित तिवारी पिछले लंबे समय से बण्डा तहसील में ही पदस्थ हैं, परंतु उनका नाम स्थानांतरण सूची में नहीं जोड़ा गया। स्थानीय नागरिकों एवं विभागीय सूत्रों की मानें तो जब अन्य पटवारियों का स्थानांतरण किया गया है, तो इन दोनों पटवारियों को भी नियम अनुसार स्थानांतरित किया जाना चाहिये। लोगों का कहना है कि स्थानांतरण प्रक्रिया में समानता और पारदर्शिता जरूरी है, ताकि किसी प्रकार का पक्षपात प्रतीत न हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस विषय में क्या निर्णय लेता है और क्या इन दोनों पटवारियों का भी स्थानांतरण आगामी सूची में किया जाता है या नहीं।

# नवीन जैन ने सेवानिवृत्ति उपरांत पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**सागर, देशबनधु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में लगातार 40 वर्ष तक नि:स्वार्थ सेवा भाव से सेवा कार्य नवीन जैन ने किया, मां के संस्कार और परिवार के आदर्श भाव से अपनी सेवायें विद्युत मंडल में की जिसकी समकालीन अधिकारी जनों द्वारा तारीफ खुले तौर पर मंच से की गई, सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्होंने प्रण लिया कि वह पर्यावरण और जल संरक्षण के लिये सामाजिक कार्य करेंगे जिसकी शुरुआत नवीन जैन ने अटल पार्क सागर में प्रथम पौधारोपण करके की और कहा कि निरंतर पौधारोपण, सामाजिक कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये आगे भी कार्य करते रहेंगे। पौधारोपण के दौरान रेखा जैन, बंटी जैन, आयुषी जैन, याशिका जैन, अंशिका जैन, उत्शा जैन, उत्कर्ष जैन, रविंद्र ठाकुर, राहुल नामदेव, हरि सेन, संदीप साहू, वेद ठाकुर, राज यादव, प्रिंस ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा पाक्षिक अधिवेशन आज

**सागर, देशबन्धु।** श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा सागर का जिला स्तरीय पाक्षिक अधिवेशन पंचमी कार्यक्रम आज सोमवार को सायं 7 बजे से आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सभा के वरिष्ठ सभासद पं. राकेश कारोलिया के निज निवास आनंद नगर गली नंबर 3 रजाखेड़ी में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष एवं सभापति पं. राकेश कुमार दुबे सिदगुवां द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम में सभा के वरिष्ठ संरक्षक, पूर्व सभापति, वरिष्ठ सभासदगण तथा आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस सामाजिक धार्मिक आयोजन की शुरुआत भगवान परशुराम एवं श्री राम की पूजा अर्चना से होगी, तत्पश्चात श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान समाज की धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिये जायेंगे। कार्यक्रम में जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं एवं सभासदों से गरिमामयी उपस्थिति की सादर अपील की है।

# कार्तिक सिंह लोधी ने पहले ही प्रयास में जेईई एडवांस क्वालिफाई किया



**सागर, देशबन्धु।** ग्राम अमोदा निवासी मेधावी छात्र कार्तिक सिंह लोधी ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने माता-पिता शिवराज सिंह लोधी और पार्वती लोधी का नाम गौरव से ऊंचा कर दिया है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वानी में अध्ययनरत कार्तिक ने पहले ही प्रयास में जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों परीक्षायें क्वालिफाई की हैं। साथ ही उन्होंने आईआईआईटी हैदराबाद द्वारा आयोजित यूजीईई परीक्षा भी सफलता पूर्वक पास कर देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद आईआईआईटी-एच में ईसीई इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखा में प्रवेश प्राप्त किया है। कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता माता, शिक्षकों और मामा जी को देते हुये बताया कि वे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ाई करते थे। कक्षा 12वीं में भी उन्होंने 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। इस सफलता से कार्तिक ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि ग्राम अमोदा सेहत सागर जिले का नाम भी रोशन किया है।

# गियर निकाले बिना स्टार्ट किया गया ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़ा



**बीना, देशबन्धु।** सर्वोदय चौराहे पर भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में ट्रैक्टर मालिक किशोरी पिता मोहनलाल निवासी बारधा घायल हो गये। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की है। दरअसल ट्रैक्टर को टायर खरीदने के लिये लाया गया था। ड्राइवर ने गियर में खड़े ट्रैक्टर को बिना गियर निकाले ही स्टार्ट कर दिया। इससे ट्रैक्टर अचानक आगे बढ़ा और डिवाइडर पर चढ़ गया। पास खड़े मालिक किशोरी ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। हालांकि ड्राइवर को किसी तरह की चोट नहीं आई है। स्थानीय लोग घायल किशोरी को तुरंत अस्पताल ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद वे घर लौट गये। आसपास मौजूद अन्य लोग भी बाल-बाल बच गये। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सर्वोदय चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने प्रशासन से ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को मजबूत करने की मांग की है। साथ ही स्पीड कंट्रोल के उपाय और सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग की है।






स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।